रोहतक

शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

पौष मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 313

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 27.9
न्यून. 5.0


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,818.13 | 426.86 ▲ |
| निफ्टी | 25,898.55 | 140.55 ▲ |
| धातु | कीमत | उछाल |
| सोना | 1,32,490/- | 90/- ▲ |
| चांदी | 1,94,400/- | 2400/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.32 | 38 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 61.43 बैरल 1.25% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### 24 को हरियाणा आएंगे गृह मंत्री अमित शाह

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 24 दिसंबर को हरियाणा दौरे पर आएंगे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस के नवनियुक्त 5,000 जवानों की पासिंग आउट परेड में अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। ब्यूरो

### 'एक देश, एक चुनाव' संबंधी समिति का कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने उन विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल बृहस्पतिवार को बढ़ा दिया, जिनमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ




चुनाव कराने का प्रावधान है। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 संबंधी संयुक्त समिति के कार्यकाल को वर्ष 2026 के बजट सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने की मांग करते हुए प्रस्ताव पेश किया। लोकसभा ने इस प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया। पिछले साल दिसंबर में समिति का गठन किया गया था। *एजेंसी*

## स्वास्थ्य मंत्री के साथ दो दौर की वार्ता के बाद माने डॉक्टर्स

# हड़ताल खत्म, अस्पतालों में शुरू हुईं स्वास्थ्य सेवाएं

### एसीपी में संशोधन की मांग पर निकाला बीच का रास्ता

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में चार दिन से चली आ रही डॉक्टरों की हड़ताल गुरुवार देर रात समाप्त हो गई। दो दौर की वार्ता के बाद सरकार और डॉक्टर्स के बीच सहमति बन पाई। हड़ताल खत्म होने से शुक्रवार से सरकारी अस्पतालों में सामान्य रूप से कामकाज हो सकेगा। इससे मरीजों को इलाज मिल पाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के साथ लंबी दौर की वार्ता के बाद डॉक्टर एसोसिएशन के प्रधान डॉक्टर राजेश ख्यालिया ने बताया कि डॉक्टर एसोसिएशन की मांगों पर सरकार के साथ सहमति बन गई है। एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेस (एसीपी) को लेकर सरकार ने एक विकल्प दिया है। इसके तहत आयुष्मान भारत योजना के तहत इंसेंटिव दिए जाएंगे। इसके लिए कमेटी का स्वास्थ्य विभाग गठन करेगा, जिसमें डॉक्टर के प्रतिनिधिमंडल का भी एक सदस्य भी होगा। कमेटी एक महीने में अपनी सिफारिश को सरकार को देगी। इसके अलावा सीएमओ की सीधी भर्ती और और रूरल क्षेत्र में डॉक्टर के लिए एसीपी की शर्त को लेकर भी सहमति बन गई है।

**आयुष्मान भारत योजना के तहत दिया जाएगा इंसेंटिव**

**सीएमओ की सीधी भर्ती और रूरल क्षेत्र में एसीपी की शर्त को लेकर बनी सहमति**

**सरकार कमेटी का गठन करेगी एक माह में सौंपेगी रिपोर्ट**

### याचिका में नहीं थी जजमेंट की कॉपी

हड़ताल को लेकर पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिका को प्रॉपर फार्मेट में दाखिल नहीं किया गया है। इसमें केस से संबंधित ऑर्डर, जजमेंट की कॉपी नहीं लगी हुई है, इसलिए इस याचिका निपटारा किया जाता है। कोर्ट ने याचिका को नए सिरे से दाखिल करने के लिए कहा।



### सीएम ने किया था आग्रह

इससे पहले बुधवार को प्रदेश सरकार ने कहा कि डॉक्टरों की 4 में से 3 मांगें मान ली गई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों से आग्रह किया था कि वे अपनी हड़ताल वापस लेकर तुरंत अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट आएं ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### पहले दी थी चेतावनी

सरकार हड़ताली डॉक्टरों पर एस्मा लागू कर चुकी है। जिसमें हड़ताल पर रोक लगाते हुए डॉक्टरों को चेतावनी दी गई है कि अगर वह ड्यूटी पर नहीं लौटे तो सैलरी भी रोकी जा सकती है।

### अच्छे माहौल में हुई बातचीत अब डॉक्टर संतुष्ट : बंसल

वहीं सरकार की तरफ से डीजी हेल्थ मनीष बंसल ने कहा कि डाक्टर्स के साथ बातचीत बहुत अच्छे माहौल में हुई। डॉक्टर की मुख्य मांग एसीपी की थी जिसे पूरा नहीं किया जा सकता लेकिन उसके स्थान पर डॉक्टर को आयुष्मान भारत योजना के तहत इंसेंटिव देने पर सहमति बनी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग में नए ज्वाइन करने वाले मेडिकल ऑफिसर की रूरल पोस्टिंग की एसीपी के नियम में छूट पर सहमति बनी है। अगर किसी नए एमओ की नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्र में नहीं होती है, तो भी वह एसीपी का हकदार होगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा बुरा असर

चार दिन से सामूहिक अवकाश के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा था। मरीज इलाज के लिए भटक रहे थे। जिला अस्पतालों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिकूल प्रभाव देखा गया। सरकार की ओर से आयुष और एनएचएम स्टाफ को लोगों के उपचार में लगाया था। बावजूद इसके मरीज और तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ी।

**अस्पतालों की ओपीडी में गिरावट :** हड़ताल के कारण अस्पतालों की ओपीडी में भी गिरावट दर्ज की गई। लोगों को लगी लंबी लाइनें में घंटों इंतजार करने के बाद वापस लौटना पड़ रहा है। कई जगहों पर एनआरएचएम और स्कूल हेल्थ स्कीम के तहत कार्यरत आयुर्वेदिक डॉक्टरों ने भी मोर्चा संभाला और मरीजों की जांच की। हालांकि मरीजों की संख्या को देखते हुए यह काफी नहीं था। काफी मरीज बिना इलाज ही लौट गए।

### डॉक्टर्स एसो. के प्रधान बोले सरकार ने मांगें मानी

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के साथ बैठक के बाद डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रधान डॉ. राजेश ख्यालिया ने कहा कि हमारी मांगों को लेकर सरकार के साथ सहमति बन गई है। एसीपी को लेकर सरकार ने एक विकल्प दिया है, इसमें आयुष्मान भारत योजना के तहत इंसेंटिव दिए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एक कमेटी का गठन करेगा जिसमें डॉक्टर्स के प्रतिनिधिमंडल का भी एक सदस्य हो होगा।

## रेलू राम पूनिया हत्याकांड

# सोनिया और संजीव को हाईकोर्ट ने दी जमानत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बहुचर्चित रेलू राम पुनिया हत्याकांड मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए दोषी सोनिया और उसके पति संजीव कुमार को राहत देते हुए जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य अपनी बनाई नीति का स्वयं उल्लंघन नहीं कर सकता और रिमिशन को पूरी पारदर्शिता व समानता के आधार पर देखना होगा। इन गंभीर त्रुटियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने न केवल आदेश रद्द किया, बल्कि राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह दो महीने के भीतर 2002 नीति के परविधान के तहत मामले पर नए सिरे से फैसला करे तब तक अदालत ने संजीव कुमार को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का भी आदेश दिया है, बशर्ते वह आवश्यक बांड भर दे। मालूम हो कि दोनों ने हरियाणा सरकार द्वारा उनकी समयपूर्व रिहाई की मांग ठुकराने के आदेश को चुनौती दी थी। उनका कहना था कि वे नीति और कानून के तहत तय सभी शर्तें पूरी कर चुके हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का दिया हवाला

24 साल पहले की थी परिवार के 8 लोगों की निर्मम हत्या

**समय पूर्व रिहाई से जुड़े विवादित सरकारी आदेश को रद्द किया**

सोनिया पर 17 जेल अपराध और 4 केस, संजीव पर 5 जेल अपराध और 2 केस दर्ज

### 24 साल पहले की थी 8 लोगों की निर्मम हत्या

अगस्त 2001 में लितानी गांव स्थित फार्महाउस पर प्रॉपर्टी के लिए हुए इस दिल दहला देने वाले हत्याकांड में पूर्व विधायक रेलू राम पूनिया (50), उनकी पत्नी कृष्णा देवी (41), बच्चे प्रियंका (14), सुनील (23), बहू शकुंतला (20), पोता लोकेश (4) और दो पोतियों शिवानी (2) तथा 45 दिन की प्रीति की हत्या कर दी गई थी। बेटे-संबंधियों सहित तीन पीढ़ियों के आठ लोगों की लोहे की रॉड से हत्या कर दी गई थी। मई 2004 में हिसार अदालत ने दोनों को फांसी की सजा सुनाई थी। 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे बरकरार रखा था। राज्यपाल और राष्ट्रपति ने भी दया याचिकाएं खारिज कर दी थीं। बाद में 2014 में दया याचिका में देरी को लेकर आए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी फांसी को उम्रकैद में तब्दील कर दिया था।







## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने गुरुवार को लोक भवन में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. प्रणब मुखर्जी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कार्तिकेय शर्मा ने केंद्रीय गृहमंत्री से की भेंट



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने गुरुवार को संसद भवन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि गृह मंत्री से मिलना सदैव एक सार्थक अनुभव होता है, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन से जुड़े विषयों पर उनकी दूरदृष्टि देश की व्यापक दिशा को समझने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि अनेक मुद्दों पर हुई यह संक्षिप्त चर्चा अत्यंत उपयोगी रही और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं व चुनौतियों की बेहतर समझ विकसित करने में सहायक बनी।

### महापौर ने धर्मशाला का शुभारंभ किया

पंचकूला। महापौर कुलभूषण गोयल ने वीरवार को शहर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव देवीनगर में नगर निगम द्वारा निर्मित नई धर्मशाला के उद्घाटन से हुई। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, नगर निगम पंचकूला के आयुक्त आर.के. सिंह, पार्षद अक्षय दीप चौधरी, पूर्व नगर परिषद प्रधान सीमा चौधरी और भाजपा जिला महामंत्री जय कौशिक भी मौजूद रहे। महापौर गोयल ने कहा कि अपने लगभग पांच वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने पंचकूला के सभी सेक्टरों और गांवों में बिना किसी भेदभाव के समान विकास करवाया है। उन्होंने बताया कि शहर में करीब 400 करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे करवाए गए हैं।

### डकैती का आरोपी उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

फरीदाबाद। गांव करनेरा के एक मकान में 3-4 जनवरी की रात को बदमाशों द्वारा डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिस संबंध में थाना सेक्टर 58 में नवीन त्यागी वासी गांव करनेरा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। घटना में अलमारी से पैसे, दो गले के सेट, चार अंगूठी, दो चैन, एक सोने का सिक्का, करीब ढाई किलो चांदी व मोबाइल फोन लूट कर ले गये थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बिरेन्द्र उर्फ काका निवासी गांव सुलेला यूपी को बुलंदशहर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है।पूछताछ में सामने आया कि शिकायतकर्ता ने अपने घर में पेंट का काम करवाया था। घर में काम करने वाले पेंटर संदीप उर्फ शेरू को शिकायतकर्ता के सामान के बारे में जानकारी थी। जिसने इसकी जानकारी आरोपी बिरेन्द्र व बबलू को दी थी। आरोपी बिरेन्द्र ने बबलू व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात की।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की भेंट

# विकास की जगह वोट चोरी की बात करती है कांग्रेस, लोग इन पर हंस रहे

### सांसदों के साथ विकास कार्यों पर बैठक, मनोहर भी रहे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष केवल दुष्प्रचार करता है और देश को गुमराह करने का काम करता है। विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बयान गुरुवार को दिल्ली दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ नहीं है। इनके पास एक भी योजना ऐसी नहीं है, जो भ्रष्टाचार के दल-दल में न फंसी हो। योजना धरातल पर नहीं उतरती थी। कांग्रेस अपना विजन देश के सामने रखे, विकास की बात करे। आप वोट चोरी की बात करते हैं तो लोग इन पर हंसते हैं। लोग इनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्ति का विकास हुआ है। गरीब व्यक्ति को आज कोई आस जगी है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जगी है। आज लोग सोचते हैं कि आजादी के बाद यदि किसी व्यक्ति ने गरीब की सुध ली है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। कांग्रेस ने कभी आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया। आम जनता का भला किसी ने किया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

### हरियाणा आने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया : मुख्यमंत्री

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देने आया था। हरियाणा में हमारे दो बड़े कार्यक्रम थे। पहला श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस और दूसरा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती उत्सव। दोनों कार्यक्रमों मे प्रधानमंत्री के पधारने से हरियाणा का गौरव बढ़ा है। इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है



### हरियाणा भवन में बैठक में सांसदों के साथ विकास कार्यों पर किया मंथन

*नई दिल्ली। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हरियाणा के सांसदों के साथ बैठक की। इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों पर बारीकी से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में भी निरंतर विकास कार्य जारी है। उन्होंने बैठक में सभी सांसदों से उनके क्षेत्र से जुड़ी मांगों को लेकर भी चर्चा की और विकास कार्यों पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि बैठक का मकसद विकास कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाना है ताकि आमजन को सरकारी परियोजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस मौके पर सांसदों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी अपनी मांगें रखी। बैठक मे लोकसभा सांसद धर्मवीर सिंह, नवीन जिंदल, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, सुभाष बराला, रेखा शर्मा, कार्तिकेय शर्मा मौजूद रहे।*

### मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ

सोनीपत। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को सोनीपत के सुभाष स्टेडियम में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना-2.0 की शुरुआत करते हुए राज्य स्तरीय अंत्योदय उत्थान मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के दर्शन पर चलते हुए गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अंत्योदय मेला केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विकास, सहभागिता और उत्साह का संगम है। यहां आने वाले हर परिवार के चेहरे पर जो उम्मीद की चमक है, वही हमारे प्रयासों की सच्ची पहचान है।



### प्रधानमंत्री के साथ कई मुद्दों पर चर्चा

हरियाणा के लिए सभी सांसदों से मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। इस बाद सभी सांसदों के साथ संसद भवन पहुंचे। जहां सीएम सैनी की पीएम मोदी से आधे घंटे के लिए मीटिंग हुई। इस मीटिंग में सांसदों के साथ हुई मीटिंग में मिले फीडबैक को शेयर किया। पीएम ने केंद्रीय और राज्य की बड़ी योजनाओं की प्रगति की डिटेल ली। सीएम ने विधानसभा के विंटर सेशन को लेकर भी सरकार की तैयारियों की जानकारी साझा की।




### गुरु तेग बहादुर सत्य, बलिदान और मानवता की अमर विरासत

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब का जीवन हमें संदेश देता है कि अत्याचार चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, सत्य और धर्म की शक्ति हमेशा उससे अधिक महान होती है। धर्म केवल पूजा करने का नाम नहीं, बल्कि सत्य, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा की रक्षा का मार्ग है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब का बलिदान मानवता का दिव्य पर्व है और भारत सदियों से इस आध्यात्मिक परंपरा का केंद्र रहा है। मुख्यमंत्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ हरियाणा एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को गुरुग्राम के अपैरल हाऊस में तप से त्याग तक संगीतमय नाटक मंचन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रख्यात अभिनेता पद्म भूषण अलंकृत अनुपम खेर मुख्यतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### डिजिटल गवर्नेंस पर कार्यशाला का आयोजन

चंडीगढ़। डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने और सार्वजनिक सेवा वितरण में उभरती प्रौद्योगिकियों के अपनाने को तेज करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में सी-डैक की डिजिटल गवर्नेंस और उभरती प्रौद्योगिकी समाधान एवं सेवाएं" विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला हरियाणा के सिटिजन रिसोर्सेज इनफॉर्मेशन डिपार्टमेंट के सहयोग से आयोजित की गई। सी-डैक भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास संस्था है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव जी. अनुपमा मुख्य अतिथि रहीं।

#### धमकियां मिलने पर दी थी सुरक्षा

## 72 लोगों की सुरक्षा हटाई, 200 पुलिसकर्मियों को वापस बुलाया

- जिलेवार समीक्षा के बाद फैसला
- सुरक्षा वापस लेने से लोग नाराज

चंडीगढ़। जजपा नेताओं की ही नहीं बल्कि अब समीक्षा करने के बाद में 72 व्यक्तियों को धमकी आदि की शिकायतों के बाद में दी गई सुरक्षा को तुरंत प्रभाव से वापस ले लिया गया है। इस तरह से 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को वापस बुला लिया गया है। अब समीक्षा के बाद में धमकी और वसूली की शिकायतों को लेकर दी गई 72 व्यक्तियों की सूचना को वापस लिया गया है। हरियाणा पुलिस सूत्रों का कहना है कि धमकी और फिरौती वसूली जैसी शिकायत मिलने के बाद में कुछ लोगों को सुरक्षा प्रदान की गई थी। अब उसको वापस ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि जिलेवार व्यापक समीक्षा करने के बाद में यह कदम उठाया गया है। 200 से अधिक पुलिस सुरक्षा अधिकारी ड्यूटी से वापस बुला लिए गए हैं। जिलेवार समीक्षा के बाद में इन्हें बुलाए जाने के साथ ही फिलहाल अंदर ही अंदर इन लोगों ने विरोध व नाराजगी जाहिर करनी शुरू कर दी है। कुछ लोग अभी भी सुरक्षा को खतरा होने का दावा कर रहे हैं, इसलिए आने वाले दिनों में डीजीपी और मुख्यमंत्री के साथ में मुलाकात कर सकते हैं।

### परफॉरमेंस, एक्स-ग्रेशिया अवार्ड के संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी

चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों को दिए जाने वाले परफॉरमेंस या एक्स-ग्रेशिया पुरस्कार और इसी प्रकार के अन्य लाभों के संबंध में संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी बोर्डों, निगमों, कम्पनियों, सहकारी संस्थाओं और स्वायत्त निकायों के प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया गया है। ये निर्देश पूर्व में 24 नवम्बर, 2011 को जारी दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जारी किए गए हैं। पत्र के अनुसार, सरकार के संज्ञान में आया है कि विभिन्न राज्य सार्वजनिक उपक्रम कई पिछले वर्षों के लिए इन लाभों की स्वीकृति या दावा प्रस्तुत कर रहे हैं। इसलिए सभी राज्य सार्वजनिक उपक्रमों में एक समान नीति लागू करने के उद्देश्य से सरकार ने निर्णय लिया है कि परफॉरमेंस/एक्स-ग्रेशिया अवार्ड तथा अन्य समान लाभ केवल मौजूदा वित्त वर्ष से पहले वाले वर्ष के लिए ही स्वीकृत किए जाएंगे।

### ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन में 800 स्थानों पर छापेमारी, 292 पकड़े

चंडीगढ़। ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अपने 10 वे दिन को पार कर गया है और अपराध मुक्त समाज की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए 10 दिसंबर 2025 को पुलिस टीमों ने राज्य भर में कुल 808 हॉटस्पॉट चिन्हित कर वहां सघन काम्बिंग और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 111 एफआईआर दर्ज की गईं। इस ऑपरेशन के दौरान कुल 292 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। पुलिस ने न केवल नए अपराधियों को पकड़ा बल्कि लंबे समय से कानून की आंखों में धूल झोंक रहे 51 फरार और हिंसक अपराधियोंको भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसके अतिरिक्त 6 आर्म्स एक्ट के मुकदमे में 16 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं, अपराधियों की धरपकड़ को और तेज करने के लिए 7 नए लुक-आउट सर्कुलर भी जारी किए गए, ताकि वे राज्य या देश छोड़कर भाग न सकें। अभियान का एक प्रमुख उद्देश्य नशा तस्करों और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना था।

#### सांसद ने लोकसभा में उठाया मामला

## राष्ट्रीय राजमार्ग जर्जर होने के कारण लोग हो रहे हादसों का शिकार : सैलजा



चंडीगढ़। हरियाणा के राष्ट्रीय राजमार्गों की अत्यंत खराब और खतरनाक स्थिति को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में शून्यकाल में वीरवार का गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा अमेरिका जैसी सड़कें देने के दावे तो बार-बार किए गए, परंतु हरियाणा की सड़कों की वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट है। दिल्ली-रोहतक-हिसार सहित अनेक राष्ट्रीय राजमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह, जलभराव और इंजीनियरिंग की खामियां इतनी गंभीर हो चुकी हैं कि प्रतिदिन इन मार्गों पर सफर करना जनता के लिए जीवन जोखिम में डालने जैसा हो गया है। दुर्घटना लगातार बढ़ रही हैं। जालंधर-सिरसा-नोहर-तारानगर हाईवे का निर्माण जल्द हो पूरा सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में सिरसा के दक्षिणी बाईपास का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया, जल्द बनाने की मांग की।

## पंचकूला में दस बसों का चालान, तीन इपाउंड

पंचकूला। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत आरटीए पंचकूला द्वारा चलाई जा रही मुहिम के दौरान आज आरटीए टीम ने स्कूली बसों की जांच की। सुरक्षा मानकों और यातायात नियमों की अवहेलना पाए जाने पर 10 स्कूली बसों के चालान किए गए, जिनमें से 3 बसों को इंपाउंड भी किया गया है। आरटीए पंचकूला सहायक सचिव शम्मी शर्मा ने बताया कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का उद्देश्य स्कूली बच्चों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। सहायक सचिव शम्मी शर्मा की अगुवाई में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर ब्रिजेश, ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर सुभाष, मोहित लाकड़ा, रविंद्र और ट्रांसपोर्ट सब-इंस्पेक्टर संदीप की टीम द्वारा स्कूली बसों की चैकिंग की गई। जांच के दौरान फर्स्ट-ऐड किट के अभाव, फिटनेस और इंश्योरेंस समाप्त होने जैसी कमियों पर चालान काटे।

## कोई भी अधिकारी अपनी गलतियों या गलत कार्रवाइयों का फायदा नहीं उठा सकता : हाईकोर्ट

- बिजली निगम कर्मचारी की वेतन व पेंशन लाभ का फिक्सेशन पुरानी तिथि से लागू करने की याचिका खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के वरिष्ठ लेखा अधिकारियों की उस याचिका को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने वेतन और पेंशन लाभ का फिक्सेशन पुरानी तिथि से लागू करने की मांग की थी। अदालत ने साफ कहा कि कोई भी अधिकारी अपनी ही गलतियों या गलत कार्रवाइयों का फायदा नहीं उठा सकता। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने विस्तृत आदेश में पाया कि याचिकाकर्ताओं ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के फैसले की गलत व्याख्या करते हुए खुद को वर्षों पहले से संशोधित वेतनमान का लाभ दे दिया, जबकि बोर्ड ने 2015 में स्पष्ट किया था कि संशोधित वेतन सिर्फ 1 सितंबर 2015 से ही नकद रूप में मिलेगा । इसके बावजूद वित्त और लेखा विभाग में तैनात इन अधिकारियों ने, जो खुद इस तरह की फाइलों के संरक्षक होते हैं, 2002 और 2007 जैसी पुरानी प्रमोशन तिथियों से ही उच्च वेतनमान के लाभ जारी कर लिए और जांच में यह भी सामने आया कि मामले से जुड़ी मूल फाइलें विभाग से गायब थीं, जिस पर निगम ने पुलिस में शिकायत दी।

### संपत्ति पंजीकरण में देरी पर हाईकोर्ट ने करनाल प्रशासन को फटकारा, जुर्माना लगाया

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बैंक नीलामी में बेची गई संपत्ति के पंजीकरण में अनुचित देरी पर करनाल प्रशासन की कड़ी खिंचाई की है। अदालत ने निगधू के उप-पंजीयक को निर्देश दिया है कि वह दो महीने के भीतर खरीदार के नाम बिक्री विलेख का पंजीकरण पूरा करे। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायाधीश संजीव बेरी की खंडपीठ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। एसबीआई ने बताया कि डिफॉल्टर से 6.38 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली इसलिए अटक गई क्योंकि उप-पंजीयक ने नीलामी खरीदार महादेव फूड्स के पक्ष में दस्तावेज दर्ज करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने इस देरी को अनुचित और गैर-कानूनी"मानते हुए हरियाणा सरकार पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

### *जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार महत्वपूर्ण, वैध विवाह न होने की स्थिति में भी इसकी रक्षा की जानी चाहिए : हाईकोर्ट*



*चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार इतना महत्वपूर्ण है कि वैध विवाह न होने की स्थिति में भी इसकी रक्षा की जानी चाहिए। अदालत ने पुलिस को निर्देश दिया कि लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक दंपति को उनके रिश्तेदारों और तथाकथित नैतिक सतर्कता समूहों से मिल रही धमकियों से बचाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। पानीपत निवासी दंपति ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका दायर कर कहा था कि दोनों बालिग हैं और लिव-इन रिलेशनशिप में साथ रह रहे हैं, लेकिन उन्हें अपने ही परिवार वालों से जान का खतरा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए पानीपत के एसएसपी को सूचना दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई के दौरान राज्य के वकील ने नोटिस स्वीकार करते हुए भरोसा दिलाया कि सक्षम अधिकारी कानून के अनुसार जरूरी कार्रवाई करेंगे। जस्टिस सुभाष मेहता ने अपने आदेश में कहा कि जीवन और स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार इतना पवित्र है कि वैध विवाह न होने को आधार बनाकर इसकी सुरक्षा से इनकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने सितंबर 2024 के एक फैसले का हवाला भी दिया, जिसमें लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे वयस्कों को उनके परिजनों और नैतिक दबाव बनाने वाले समूहों से सुरक्षा देने का निर्देश दिया गया था। मामले का निपटारा करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस को दंपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि दंपति राज्य या किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई अपराध करते हैं, तो यह आदेश उस संबंध में होने वाली किसी भी कानूनी कार्रवाई पर रोक नहीं माने जाएगा।*


## राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)

(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार
गेट नं. 5, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

### अधिसूचना

### एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्टाफ चयन परीक्षा (ईएसएसई) – 2025

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS) द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRSs) में **शिक्षकीय** एवं **गैर–शिक्षकीय** पदों पर भर्ती हेतु ESSE-2025 की घोषणा की गई है।

प्रथम चरण (Tier-I) परीक्षा में **प्राचार्य** एवं **लेखाकार पदों** की परीक्षा **13 दिसंबर 2025** को आयोजित की जाएगी। **टीजीटी, पीजीटी** एवं **विविध शिक्षकों** की परीक्षा **14 दिसंबर 2025** को निर्धारित है।

**उम्मीदवार अपने प्रवेश–पत्र निम्न लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं:**

**https://examinationservices.nic.in/AdmitCardService/Admitcard/Login?apprefno=102992511**

भविष्य की अद्यतनों हेतु उम्मीदवारों को वेबसाइट **www.nests.tribal.gov.in** पर नियमित रूप से विज़िट करने की सलाह दी जाती है।

जारीकर्ता: **NESTS**

## सांकेतिक कब्जा सूचना

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई–400051
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल फाउंटेन चौक के सामने, करनाल–132001
**शाखा कार्यालय** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार–125001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमरजीत सिंह पुत्र बीर सिंह (कर्जदार), करमजीत कौर पत्नी सुरजीत सिंह (सह-कर्जदार), संगीता पत्नी अमरजीत सिंह (सह-कर्जदार), मै. बेनीवाल ट्रेडिंग कं. (सह-कर्जदार), सुरजीत सिंह पुत्र बीर सिंह (सह-कर्जदार), LHKNL00001323722. | दस्तावेज डीड नं. 1720 दिनांक 18.06.2013 के अनुरूप करमजीत कौर और श्रीमती संगीता के पक्ष में सतीश कुमार पुत्र राम कुमार द्वारा निष्पादित नई अनाज मण्डी, कैथल तहसील व जिला कैथल, हरियाणा 136027 में स्थित सम्पत्ति माप 137.5 वर्गगज एससीएफ नं. 100 के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं- उत्तरः गली, दक्षिण : फीड एंड रोड, पूर्व : एससीएफ नं. 101, पश्चिम : रमेश जिन्दल का एससीएफ नं. 99/ कब्जे की तिथि- 08.12.2025 | 14-08-2024 रु. 29,35,209.58/- | करनाल |
| 2. | नवनीत कुमार पुत्र सुदर्शन कुमार (कर्जदार), रूबी गुप्ता पत्नी नवनीत कुमार (सह-कर्जदार), NHKTL00001284268. | दस्तावेज नं. 3870 दिनांक 15.07.2019 के अनुरूप रूबी गुप्ता पत्नी नवनीत कुमार के पक्ष में रैली गोदाम उर्फ विवेक नगर कैथल- तहसील व जिला कैथल में स्थित सम्पत्ति आईडी नं. 9c21u536 वाले एमसीके नं. 1928/17 और 1929/17 के तहत सम्पत्ति माप 202.5 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं- उत्तर : बंद गली, दक्षिण : बंद गली, पूर्व : दीपचंद, पश्चिम : दीवार मुस्त्रखा / कब्जे की तिथि- 08.12.2025 | 06-09-2025' रु. 65,58,322/- | करनाल |
| 3. | दर्शना पत्नी सत्यपाल (कर्जदार), सत्य पाल कुमार पुत्र खुशी लाल (सह-कर्जदार), LHHIS00001328482. | श्रीमती दर्शना देवी पत्नी श्री सत्यपाल के पक्ष में श्रीमती श्योकोरी पत्नी श्री हनुमान द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2580 दिनांक 20.06.2018, गांव आर्य नगर, तहसील व जिला हिसार में स्थित खेवट नं. 1241 खतौनी नं. 1361 खसरा नं. 108//17/2(3-0) माप 5.5एम (165 वर्ग गज) 11/120 का हिस्सा, सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं- उत्तर : बलराज 45 फीट, दक्षिण : शोकारी 45 फीट, पूर्व : जगदीश 33 फीट, पश्चिम : 12 फीट चौड़ी गली 33 फीट / कब्जे की तिथि- 08.12.2025 | 17-09-2025' रु. 10,62,339/- | हिसार |
| 4. | दर्शना पत्नी सत्यपाल (कर्जदार), सत्य पाल कुमार पुत्र खुशी लाल (सह-कर्जदार), LHHIS00001334565. | श्रीमती दर्शना देवी पत्नी श्री सत्यपाल के पक्ष में श्रीमती श्योकोरी पत्नी श्री हनुमान द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2580 दिनांक 20.06.2018, गांव आर्य नगर, तहसील व जिला हिसार में स्थित खेवट नं. 1241 खतौनी नं. 1361 खसरा नं. 108//17/2(3-0) माप 5.5एम (165 वर्ग गज) 11/120 का हिस्सा, सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं- उत्तर : बलराज 45 फीट, दक्षिण : शोकारी 45 फीट, पूर्व : जगदीश 33 फीट, पश्चिम : 12 फीट चौड़ी गली 33 फीट / कब्जे की तिथि- 08.12.2025 | 17-09-2025' रु. 8,41,519/- | हिसार |
| 5. | तरूण जुनेजा पुत्र घनशाम दास जुनेजा (कर्जदार), धीरज जुनेजा पुत्र घनशाम दास (सह-कर्जदार), जय देवी पुत्री चम्बा राम (सह-कर्जदार), पूजा जुनेजा पुत्री भगवान दास (सह-कर्जदार), रेनु जुनेजा पुत्री उदय राम (सह-कर्जदार), NHFAT00000823267. | श्रीमती रेनु जुनेजा और पूजा जुनेजा के पक्ष में तरूण कुमार और धीरज पुत्रान घनशाम दास द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1155 दिनांक 04.06.2024, मॉडल टाउन फतेहाबाद में स्थित सम्पत्ति मकान माप 340 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से / कब्जे की तिथि- 09.12.2025 | 23-09-2025' रु. 2,07,17,718/- | हिसार |
| 6. | तरूण जुनेजा पुत्र घनशाम दास जुनेजा (कर्जदार), धीरज जुनेजा पुत्र घनशाम दास (सह-कर्जदार), जय देवी पुत्री चम्बा राम (सह-कर्जदार), पूजा जुनेजा पुत्री भगवान दास (सह-कर्जदार), रेनु जुनेजा पुत्री उदय राम (सह-कर्जदार), NHFAT00000823266. | श्रीमती रेनु जुनेजा और पूजा जुनेजा के पक्ष में तरूण कुमार और धीरज पुत्रान घनशाम दास द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1155 दिनांक 04.06.2024, मॉडल टाउन फतेहाबाद में स्थित सम्पत्ति मकान माप 340 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से / कब्जे की तिथि- 09.12.2025 | 23-09-2025' रु. 14,95,460/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक** : 12 दिसम्बर 2025
**स्थान** : कैथल, हिसार, फतेहाबाद

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

3

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

अन्न के कण और
आनंद के क्षण,
कभी व्यर्थ न जाने दें,
दोनों अमूल्य हैं!



7 रोहित और कोहली का होगा डिमोशन सैलरी में होगी 2 करोड़ की कटौती...!

## खबर संक्षेप

### ऑलटाइम हाई पर पहुंची चांदी, 1.94 लाख के पार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 2,400 रुपये बढ़कर 1,94,400 रुपये प्रति किलोग्राम के नई ऊंचाई पर पहुंच गईं। वहीं स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90 रुपये बढ़कर 2,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। बुधवार को चांदी 11,500 रुपये बढ़कर 1,92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर रही थी। इस वर्ष की शुरुआत से, चांदी 1,04,700 रुपये यानी 116.72 प्रतिशत चढ़ी है। *एजेंसी*

### आखिरी दो नक्सलियों ने भी हथियार डाले



**बालाघाट।** तीन दशकों तक जंगलों में दहशत फैलाने वाले माओवादी संगठन का बालाघाट जिले से पूर्ण सफाया हो गया है। गुरुवार को जिले में सक्रिय बचे हुए दो हार्डकोर माओवादी दीपक उर्फ सुधाकर उर्फ मंगल उइके और उसके साथी रोहित ने कोरका स्थित सीआरपीएफ कैंप में आत्मसमर्पण कर दिया। *एजेंसी*

### दिल्ली दंगा केस में उमर खालिद को जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने गुरुवार को 2020 दिल्ली दंगे केस में मुख्य आरोपी उमर खालिद को अंतरिम जमानत दी है। उमर 16 से 29 दिसंबर के बीच बहन की शादी में शामिल होंगे। दरअसल दिल्ली में फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 से 26 फरवरी तक हिंसा भड़क गई थी। जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे। दिल्ली पुलिस का दावा है कि यह सुनियोजित साजिश थी, जिसमें चक्का जाम और हिंसा की योजना बनी। *एजेंसी*

### इंजीनियरिंग छात्र की गर्लफ्रेंड के घर पर हत्या



**हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक इंजीनियरिंग स्टूडेंट की उसकी गर्लफ्रेंड के परिवार ने क्रिकेट बैट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 19 साल के ज्योति श्रीवन साई के रूप में हुई। अमीनपुर की रहने वाली श्रीजा (19 साल) और श्रीवन पिछले कई सालों से रिलेशनशिप में थे। *एजेंसी*

---

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की उच्च स्तरीय बैठक

# 2030 तक प्रदूषण-मुक्त प्रदेश बनेगा हरियाणा, वर्ल्ड बैंक ने दी 305 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं को एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देते हुए वर्ल्ड बैंक ने हरियाणा स्वच्छ वायु परियोजना फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए 305 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी प्रदान की है। यह परियोजना 2030 तक हरियाणा को प्रदूषण-मुक्त राज्य बनाने की दिशा में सरकार की प्रमुख पहल है। स्वीकृत सहायता में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आईबीआरडी लोन तथा एसए रीजनल इंटीग्रेशन मल्टी-डोनर ट्रस्ट फंड से 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल है। दरअसल, पिछले साल नवंबर में चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और वर्ल्ड बैंक प्रतिनिधियों के बीच उच्च-स्तरीय बैठक हुई थी। इस बैठक में बैंक ने स्वच्छ वायु परियोजना फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए 2,498 करोड़ रुपये के लोन का आश्वासन दिया था। परियोजना की कुल लागत 3,646 करोड़ रुपये है, जिसमें से 1,065 करोड़ रुपये का योगदान हरियाणा सरकार द्वारा और अतिरिक्त 83 करोड़ रुपये अनुदान के रूप में दिया जाएगा।

**खास बातें**

1. परियोजना की कुल लागत 3,646 करोड़ रुपये
2. उद्योगों के हर सेक्टर के लिए बजट आवंटित

### उद्योग और वाणिज्य विभाग को 563 करोड़

उद्योग और वाणिज्य विभाग 563 करोड़ स्वच्छ औद्योगिक संचालन, रियल-टाइम उत्सर्जन नियंत्रण एवं अनुपालन सुधार पर खर्च करेगा। इसमें 100 करोड़ औद्योगिक बॉयलरों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) में शिफ्ट करने के लिए, 330 करोड़ कम-उत्सर्जन विकल्पों को बढ़ावा देकर डीजल जनरेटर सेट के प्रतिस्थापन हेतु, तथा 33 करोड़ प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में सीईएमएस लगाने के लिए निर्धारित हैं।



**कृषि पर 746 करोड़ खर्च होंगे**

कृषि क्षेत्र में 746 करोड़ रुपये कृषि एवं विकास तथा पंचायत विभागों के माध्यम से व्यय किए जाएंगे। इनमें 2030 तक पराली जलाने को समाप्त करने के लिए 280 करोड़ रुपये, बायो-डीकंपोजर तकनीकों पर अनुसंधान हेतु 52 करोड़ रुपये, कृषि विभाग में सेकेंडरी एमिशन मॉनिटरिंग सेंटर की स्थापना के लिए 151 करोड़ रुपये, स्वच्छ खाद प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए 263 करोड़ रुपये शामिल हैं।

**10 नए सीएक्यूएम स्टेशन बनेंगे**

इसी तरह, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संस्थागत क्षमता सुदृढ़ करने एवं वैज्ञानिक-नियामक आधारशिला को मजबूत बनाने के लिए 564 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। इसमें राज्य वायु गुणवत्ता प्रयोगशालाओं के उन्नयन एवं 12 मिनी-लैब की स्थापना हेतु 107 करोड़ रुपये, 10 सीएक्यूएम स्टेशनों की तैनाती के लिए 73 करोड़ रुपये, दो मोबाइल एक्यू मॉनिटरिंग वैन के लिए 28 करोड़ रुपये, उपग्रह-आधारित निगरानी के एकीकरण के लिए 6 करोड़ रुपये शामिल हैं।

**एक्शन प्लान को सपोर्ट करेगा**

यह प्रोजेक्ट हरियाणा के एक्शन प्लान को सपोर्ट करेगा, जिसका मकसद कई सेक्टरों के दखल के जरिए हवा में प्रदूषण को कम करना है। यह प्रोजेक्ट एयर क्वालिटी और एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम में इन्वेस्ट करेगा ताकि राज्य की अलग-अलग प्रदूषण के स्त्रोतों के असर को बेहतर ढंग से मापने की क्षमता को मजबूत किया जा सके। परियोजना में परिवहन क्षेत्र के लिए 1,688 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

**1500 करोड़ से चार जिलों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें**

इसके अंतर्गत 1,513 करोड़ रुपये की लागत से गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और झज्जर में 500 इलेक्ट्रिक बसें तैनात की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 10 करोड़ रुपये उच्च-प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध रूप से हटाने एवं स्क्रैपिंग इकोसिस्टम के लिए, 20 करोड़ रुपये में 200 ईवी चार्जिंग स्टेशन, 100 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर इंसेंटिव और 45 करोड़ रुपये पुराने थ्री-व्हीलर्स को ईवी में बदलने हेतु फ्लीट रिप्लेसमेंट इंसेंटिव पर व्यय किए जाएंगे। यह कार्य गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड, हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड तथा परिवहन एवं उद्योग विभागों के माध्यम से संयुक्त रूप से किया जाएगा।

**20 करोड़ में 200 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेंगे**

---

10 हजार का अतिरिक्त ट्रैवल वाउचर भी मिलेगा

# अब इंडिगो 5 से 10 हजार रुपये तक देगी मुआवजा

*इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब इंडिगो ने 3, 4 और 5 दिसंबर को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने की वजह से यात्रियों को राहत देने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को सरकार के नियमों के अनुसार 5,000 रु. से 10,000 रु. तक का मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही एयरलाइन ने सबसे ज्यादा प्रभावित यात्रियों के लिए 10,000 रुपये तक के अतिरिक्त ट्रैवल वाउचर जारी करने की भी घोषणा की है। यह फैसला उन यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है, जिनकी यात्रा योजनाएं अचानक बदल गईं और जिन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस ट्रैवल वाउचर की खास बात यह है कि इसे अगले 12 महीनों तक कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यात्री भारत में इंडिगो की किसी भी घरेलू उड़ान या फिर अंतरराष्ट्रीय रूट के लिए इन वाउचर का उपयोग कर सकते हैं। इंडिगो ने बताया कि 10 हजार रु. का ट्रैवल वाउचर उन यात्रियों को दिया जाएगा।

12 महीने तक की बुकिंग में इस्तेमाल किया जा सकेगा

*डीजीसीए ने एयरलाइन सीईओ से की पूछताछ*



**आज पेश होंगे सीईओ**

विमानन नियामक डीजीसीए ने उड़ानों में जारी व्यवधान के मद्देनजर इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स को शुक्रवार को फिर से उसके समक्ष पेश होने को कहा है। डीजीसीए ने संयुक्त महानिदेशक संजय ब्रह्मणे, उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक कपिल मंगलिक और लोकेश रामपाल सहित चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

**अधिकारी करेंगे निगरानी**

सूत्रों ने दिन में बताया कि निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से, डीजीसीए के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को एयरलाइन के मुख्यालय से इंडिगो के संचालन, रिफंड और अन्य प्रक्रियाओं की निगरानी शुरू कर दी। डीजीसीए कार्यालय के दो अधिकारियों, एक वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी और एक उप निदेशक को इंडिगो के कॉरपोरेट कार्यालय में तैनात किया जाएगा।

**फ्लाइट उड़ने में 15 मिनट की देरी की होगी जांच**

इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशंस में आई दिक्कतों के बाद तकनीकी खामियों की निगरानी का पूरा ढांचा तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है। उड़ानों में लगातार देरी, कैंसिलेशन और हालिया सुरक्षा घटनाओं ने डीजीसीए को डिफेक्ट रिपोर्टिंग सिस्टम को जड़ से सख्त करने के लिए मजबूर किया है। 12 पेज के नए आदेश के मुताबिक अब किसी भी निर्धारित उड़ान में तकनीकी कारण से 15 मिनट या उससे ज्यादा की देरी होती है तो उसकी जांच अनिवार्य होगी। कंपनी को बताना होगा कि देरी क्यों हुई? उसे कैसे ठीक किया गया? दोबारा न होने के लिए क्या उपाय किए? ये ऐसे प्रावधान हैं, जो पहले लागू नहीं थे। कंपनी को किसी भी 'मेजर डिफेक्ट' की सूचना तुरंत डीजीसीए को फोन पर देनी होगी। 72 घंटे में विस्तार से रिपोर्ट भेजनी होगी। डिफेक्ट तीन बार दोहराए जाने पर उसे 'रिपीटेटिव डिफेक्ट' माना जाएगा और उस पर अलग से विशेष जांच शुरू होगी।

---

जिंदा बचा एक मजदूर 2 दिन तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा तो खुलासा

# 1000 फीट गहरी खाई में गिरा ट्रक, 21 की जान गई



**इटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई। दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे।

**आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया**

हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसंबर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किलोमीटर आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत ही कम आवाजाही होती है।

**बेले रोप्स की मदद से ऊपर लाया गया**

घनी झाड़ियों में फंसा था ट्रक, आर्मी को खोजने में लगे 4 घंटे आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची। दरअसल ट्रक खाई में घनी झाड़ियों में फंसा हुआ था, जिससे यह दूर से नजर नहीं आ रहा था। बचाव टीमों को 18 शव मिल चुके हैं, जिन्हें बेले रोप्स की मदद से ऊपर लाया जा रहा है। मौके पर बचाव टीमें, मेडिकल टीमें, जीआरईएफ प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें मौजूद हैं। जिला परिषद सदस्य और चगलगाम के ठेकेदारों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे कि मजूदरों की पहचान की जा सके।

---

## 16 वर्षीय छात्र ने रची खुद के अपहरण की साजिश आवाज बदलकर मांगी 2 लाख रुपये की फिरौती

- करनाल के घीड़ गांव का मामला
- परिवार के लोग दिनभर बच्चे को तलाशते रहे
- अज्ञात नंबर से फोन कर मांगी फिरौती

**करनाल।** करनाल जिले के गांव डीघ में बुधवार को 16 वर्षीय छात्र द्वारा खुद का अपहरण रचने का मामला सामने आया। छात्र दोपहर करीब 2 बजे घर से निकला था, लेकिन देर शाम वापस नहीं लौटा। परिजनों ने कई जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शाम करीब 6 बजे एक अज्ञात नंबर से छात्र के परिवार को कॉल आई। कॉल करने वाले ने आवाज बदलकर कहा कि लड़का उनके कब्जे में है और 2 लाख रुपये तैयार रखे जाएं। कॉल सुनते ही परिवार घबरा गया। पुलिस कॉल करने वाले नंबर को ट्रेस किया।

**फोन ट्रेस कर पता लगाया**

थाना प्रभारी विक्रांत ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई थी। कॉल को तकनीकी सहायता से ट्रेस किया गया और छात्र को उसी लोकेशन से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि छात्र ने खुद ही परिजनों को कॉल कर फिरौती मांगी थी। परिवार को पूरी जानकारी दे दी गई है और बच्चे को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## गोवा अग्निकांड : लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड में हिरासत में लिए

**पणजी (एजेंसी)।** गोवा के बिर्च नाइट क्लब में अग्निकांड के पांचवें दिन, गुरुवार को क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया गया। थाइलैंड पुलिस ने दोनों भाइयों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें उनके हाथों में हथकड़ी लगी है। वे अपने पासपोर्ट पकड़े हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, भारतीय अधिकारियों की एक टीम थाईलैंड के लिए रवाना हो चुकी है और 24 घंटे के भीतर लूथरा ब्रदर्स को वापस लेकर आएगी। संभावना है कि भारत लाने के बाद गोवा पुलिस दोनों को अपनी हिरासत में लेगी। बिर्च नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे। *(विस्तृत पेज-8 पर)*

**हाथों में हथकड़ी, पासपोर्ट पकड़े तस्वीर आई**

## कट्टरपंथ मामला : इस्लामिक स्टेट से जुड़े 4 राज्यों में छापे

**मुंबई (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक ''अत्यधिक कट्टरपंथी'' इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल से जुड़ी आतंकी वित्त पोषण की जांच के संबंध में बृहस्पतिवार को कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह से शुरू हुई छापेमारी में महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र (मुंबई के पास), रत्नागिरी जिले, दिल्ली, कोलकाता और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली गई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में तलाशी के दौरान ईडी दलों को राज्य के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा सुरक्षा दी गई जबकि अन्य राज्यों में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सुरक्षा प्रदान की। केंद्रीय एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है।

**ईडी ने चालीस स्थानों पर तलाशी ली**

## दिल्ली में अब 11 की जगह 13 जिले होंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली कैबिनेट ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए मौजूदा 11 जिलों को 13 नए जिलों में बदलने का प्रस्ताव पास कर दिया। इसे लागू करने के लिए लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना को भेजा जाएगा। ये नए जिले एमसीडी के 12 जोन, न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के साथ पूरी तरह मेल खाएंगे। इस बदलाव से एसडीएम कार्यालयों की संख्या 33 से बढ़कर 39 हो जाएगी। हर जिले में मिनी सेक्रेटेरिएट बनेगा, जहां ज्यादातर सरकारी सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी। सीएम रेखा गुप्ता पहले ही इसकी घोषणा कर चुकी हैं। पहले दिल्ली में 11 राजस्व जिले थे- सेंट्रल, ईस्ट, न्यू दिल्ली, नॉर्थ, नॉर्थ ईस्ट, नॉर्थ वेस्ट, शाहदरा, साउथ, साउथ ईस्ट, साउथ वेस्ट और वेस्ट।

**दिल्ली कैबिनेट ने प्रस्ताव मंजूर किया**

---

# पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से की बात, व्यापार समेत कई मुद्दों पर चर्चा

## पुतिन के भारत दौरे के बाद पहली बार किया कॉल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नेताओं ने व्यापार, महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी, एनर्जी, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने साझा चुनौतियों का समाधान करने और साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

टेक्नोलॉजी, एनर्जी, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया



**पीएम ने एक्स पर दी जानकारी :** अधिकारियों ने बताया कि इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने वाशिंगटन और नई दिल्ली के बीच कॉम्प्रिहेंसिव ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की प्रोग्रेस का रिव्यू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बातचीत की जानकारी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की।

---

## विपक्ष ने उठाए थे सवाल, निर्वाचन आयोग ने लिया फैसला

गणना प्रपत्र की अवधि ग्यारह दिसंबर को होनी थी समाप्त

# छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर के लिए बढ़ी समय सीमा

**नई दिल्ली (भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर यह कदम उठाया गया है। एक बयान के मुताबिक, निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इन छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के लिए गणना प्रपत्र की अवधि बृहस्पतिवार को समाप्त होनी थी और मतदाता सूचियों का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था। बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु और गुजरात के लिए एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 19 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

**मतदाता सूची का मसौदा 23 को होगा प्रकाशित**

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ये अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह, उत्तर प्रदेश के लिए एसआईआर की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।




बयान के अनुसार, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में एसआईआर बृहस्पतिवार को समाप्त हो जाएगी और मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। केरल के लिए कार्यक्रम में पहले संशोधन किया गया था। राज्य में एसआईआर 18 दिसंबर को समाप्त होगी और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

**पॉलिटिकल पार्टियों को मृत मतदाताओं की सूची मिलेगी**

निर्वाचन आयोग ने कहा कि देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने से पहले मृत, स्थानांतरित और अनुपस्थित वोटरों की सूची दी जाएगी। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 16 दिसंबर को जारी की जाएगी। इससे पहले आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को हर बूथ के हिसाब से अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लीकेट वोटरों की सूची तैयार कर बूथ एजेंटों को देने का निर्देश दिया है। ये वे वोटर हैं जिनसे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) तीन बार कोशिश के बावजूद संपर्क नहीं कर सके।

## हिसार के सिसाय बोलान में नौकरियों के नाम पर धोखाधड़ी का पर्दाफाश

# हजारों रुपये लेकर एचकेआरएन में भर्ती के फर्जी ज्वाइनिंग लेटर बांटे, सीएम फ्लाइंग ने खुलासा कर करवाया केस दर्ज

पंचकूला के अधिकारियों के हस्ताक्षर कर कई विभागों के फर्जी नियुक्ति पत्र बांटे, शिकायतकर्ताओं ने पैसे वापस मांगे तो दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सीएम फ्लाइंग टीम हिसार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) में नौकरी लगवाने का झांसा देकर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर बांटने और वाहन पासिंग के नाम पर कई लोगों से रुपये हड़पने वाले व्यक्ति का पर्दाफाश किया है। टीम ने इस फर्जीवाड़े में शामिल हिसार जिले के गांव सिसाय बोलान निवासी खेमचंद उर्फ दीपक को मुख्य आरोपी बताते हुए सदर थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिसार सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थी कि गांव सिसाय बोलान निवासी खेमचंद उर्फ दीपक कई बेरोजगार युवाओं को एचकेआरएन में नौकरी का लालच देकर उनसे रुपये वसूल रहा है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर 15 से 25 हजार रुपये तक वसूले

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने शिकायत में बताया कि गांव डाटा निवासी अंकित से आरोपी ने 19 हजार रुपये लेकर उसे राजकीय महिला महाविद्यालय डाटा में नियुक्ति का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। लेटर उच्च शिक्षा विभाग पंचकूला के नाम से तैयार किया गया था, लेकिन जांच में वह पूरी तरह नकली पाया गया। वहीं गांव गुराना निवासी पूजा से आरोपी ने 25 हजार रुपये ले लिए, और नौकरी नहीं मिलने पर जब उसने रुपये वापस मांगे तो उसे धमकी तक दे डाली। गांव सिसाय निवासी अमित से नौकरी दिलवाने के नाम पर 15 हजार रुपये लेकर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर पकड़ा दिया और जब वह प्राइमरी स्कूल सिसाय में ज्वाइन करने पहुंचा तो उसे पता चला कि लेटर फर्जी है। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने उसे झूठे केस में फंसाने और राशन कार्ड कटवाने की धमकी दी। हांसी निवासी रानी से उसके बेटे को एचकेआरएन में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 15 हजार रुपये ऐंठ लिए। गांव सातरोड खुर्द निवासी महावीर से माली या एनिमल अटेंडेंट की पोस्ट दिलवाने के नाम पर 15 हजार रुपये लिए। उसे भी न नौकरी मिली न ही उसके रुपये लौटाए गए। जब शिकायतकर्ताओं ने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।

### गाड़ी पासिंग के नाम पर 54 हजार की ठगी

आरोपी खेमचंद ने गांव सिसाय निवासी रामकुमार से उसकी गाड़ी की वैधता बढ़वाने और पासिंग करवाने का झूठा आश्वासन देकर उससे 54 हजार रुपये हड़प लिए। जांच में पाया गया कि न तो गाड़ी की वैधता बढ़ाई गई और न ही रुपयसे लौटाए गए। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि सभी मामलों की जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा सभी पीड़ितों से ठगी के माध्यम से रुपया लिया गया है। उसने न केवल जाली ज्वाइनिंग लेटर तैयार किए, बल्कि सरकारी विभागों के अधिकारियों के नकली हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा इसके अलावा और काफी अन्य युवक-युवतियों से भी नौकरी दिलवाने का झूठा झांसा देकर पैसे ऐंठने की आशंका है। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना द्वारा दी गई शिकायत पर हांसी सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## ड्राइवर लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपये हड़पे, आरोपी गिरफ्तार

**लोहारू।** जिला पुलिस कप्तान सुमित कुमार द्वारा पुलिस को नौकरियों के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ विशेष आदेश दे रखे हैं तथा उन्हीं आदेशों की पालना में लोहारू पुलिस ने नेशनल हेल्थ मिशन विभाग में ड्राइवर की नौकरी दिलवाने के नाम पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी सुखबीर को न्यायालय में पेश करके पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। अशोक नामक युवक ने पिछले दिनों लोहारू पुलिस थाने में शिकायत देकर सुखबीर और उसके साथी पर नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी थी। आरोपियों ने नौकरी के नाम पर पीड़ित अशोक से करीब 10 लाख रुपये की राशि ऐंठ ली थी और ज्वाइनिंग लेटर भी थमा दिया दिया था। लेकिन वह ज्वाइनिंग लेटर फर्जी निकला। बाद में पीड़ित ने इसकी शिकायत लोहारू पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी सुखबीर निवासी जिला हरदोई को गिरफ्तार लिया और उसे न्यायालय में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

## जमीनी विवाद में पीट-पीटकर अधेड़ की हत्या

**रेवाड़ी।** जमीनी विवाद के चलते बुधवार रात नैनसुखपुरा गांव में करीब 52 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक के परिवार के पांच सदस्य भी हमले में घायल हो गए। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन काफी देर तक शव नहीं लेने पर अड़े रहे। डीएसपी के आश्वासन पर परिजन शव ले जाने के लिए तैयार हुए। पुलिस ने 19 लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।


मृतक महेश का फाइल फोटो।

महेश का उसी के गांव के एक परिवार के लोगों के साथ जमीनी विवाद है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने रात को करीब 10 बजे महेश और उसके परिजनों पर हमला कर दिया। हमलावर करीब डेढ़ दर्जन लोग बताए जा रहे हैं। परिजनों ने पुलिस पर भी देरी से पहुंचने के आरोप लगाए। महेश को गंभीरावस्था में ट्रॉमा सेंटर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने और आरोपियों से सांठगांठ के आरोप लगाते हुए शव लेने से इनकार कर दिया। काफी देर तक डीएसपी विद्यानंद के आश्वासन पर परिजनों ने महेश का शव लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## 5 करोड़ के 10 हजार चावल के कट्टे पानीपत के हैफेड गोदाम से बरामद

# दुबई में निर्यात के नाम पर राइस मिलर्स से करोड़ों की चावल ठगी, रैकेट का भंडाफोड़

- दुबई के शेख के नाम पर फर्जी बिल व बिल्टी दिखाकर राइस मिलर्स को फंसाते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राइस मिलों को विदेश में निर्यात का झांसा देकर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले बड़े रैकेट का जिला पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में थाना जाखल पुलिस ने एक महिला आरोपी के अलावा अन्य आरोपी संदीप उर्फ मोनू निवासी करनाल को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 10 हजार चावल के कट्टे बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये है।

गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी संदीप उर्फ मोनू आदतन श्रेणी का अपराधी है तथा इसके विरुद्ध पहले से थाना शहर टोहाना के अलावा करनाल के थाना असंध और पंजाब के थाना पातड़ा में धोखाधड़ी के तीन मामले दर्ज हैं।


फतेहाबाद। बरामद किए गए चावलों से भरे ट्रक। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा व पंजाब में कई राइस मिल से ठगी

एसपी ने बताया कि यह गैंग लंबे समय से विभिन्न जिलों की राइस मिलों से अंतरराष्ट्रीय निर्यात का झांसा देकर धोखाधड़ी कर रहा था।

हड़पा गया चावल पानीपत के गांव छाजपुर स्थित हैफेड गोदाम में छिपाकर रखा जाता था ताकि पुलिस की नजर न पहुंच सके। जांच में अब तक जेनव राइस मिल पातड़ा, महादेव, स्वास्तिक व केशव राइस मिल चीका, गोयल इंटरनेशनल राइस मिल असंध से 70 लाख रुपये, लक्ष्मी राइस मिल जाखल से 85 लाख रुपये, गोपाल राइस मिल, जाखल से 35 लाख रुपये, मारुति राइस मिल टोहाना से 70 लाख रुपये की ठगी शामिल है।

एसपी ने बताया कि यह कोई साधारण अपराध नहीं था, बल्कि एक सुव्यवस्थित संगठित गिरोह द्वारा चलाया जा रहा रैकेट था। इसमें महिला आरोपी का काम मिल मालिकों से संपर्क कर सौदे तय करना था जबकि संदीप उर्फ मोनू व तेजपाल का काम चावल के कट्टों को छिपाना और आगे सप्लाई करना था। इसके अलावा अंकुर, अंकित व साहिल का काम बिल्टी तैयार करवाना, परिवहन एवं लेन-देन का प्रबंधन करना था।

### महिला समेत दो आरोपी पकड़े


एसपी सिद्धांत जैन।

इस मामले में लक्ष्मी राइस मिल, जाखल के प्रोपराइटर अमर जिंदल की शिकायत पर इसकी जांच शुरू हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी परिवार ने दुबई के मो. शेख अब्दुल खान के नाम पर फर्जी निर्यात का झांसा दिया। फर्जी बिल, बिल्टी और कांटा पर्ची तैयार कर विश्वास जीता। भुगतान मांगने पर आरोपी बहाने बनाते रहे और बाद में धमकियां देने लगे। थाना जाखल में इस बारे 3 दिसंबर को धारा 316(2), 318(4), 351(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि महिला आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। आरोपी संदीप उर्फ मोनू से पुलिस रिमांड के दौरान गहन पूछताछ की गई, जिससे कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, उनकी वित्तीय कड़ियों और माल की पूरी सप्लाई चेन की गहराई से जांच कर रही है।

## फतेहाबाद नप का कंप्यूटर ऑपरेटर रिश्वत लेते काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नगर परिषद कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 60 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए अरेस्ट किया है। कर्मचारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कार्यरत है। नगर परिषद कार्यालय में हांसी निवासी हिमांशु एग्रीमेंट आधार पर कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कार्यरत है। वह फिलहाल इंजीनियरिंग विंग में तैनात था। गांव हसंगा निवासी ठेकेदार सत्य नारायण ने एंटी करप्शन ब्यूरो को कंप्यूटर ऑपरेटर की शिकायत दी थी। इसके बाद ब्यूरो के सिरसा कार्यालय से टीम गठित करके फतेहाबाद भेजी गई। शिकायत में ठेकेदार सत्य नारायण ने बताया कि उसने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर तीन में टॉयलेट-बाथरूम बनाए थे। उनका बिल पास करने की एवज में 80 हजार रुपये रिश्वत मांगी गई। इसके बाद 60 हजार में सौदा तय हुआ।

**सार्वजनिक सूचना**
अग्नि-प्रभावित मलबे के निपटान हेतु ई-नीलामी
नीलामी तिथि : 23.12.2025
अप. 3.30 बजे से अप. 4.30 बजे तक
निरीक्षण : 12.12.2025 से 22.12.2025 तक
पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक
अग्नि-प्रभावित मलबा सामग्री जिसमें लगभग 21,049 कि.ग्रा. स्टेनलैस स्टील फिटिंग्स (एसएस), 9,651 कि.ग्रा. पीतल फिटिंग्स और 5,344 कि.ग्रा. मिश्रित/अवर्गीकृत स्क्रैप निहित है, को नीलाम किया जाएगा।
मै. सील दि डील
(https://www.sealthedeal.co.in/)
मै. ज्योति इनोक्स प्रा. लि., निकट तरावड़ी, जिला करनाल, हरियाणा-132116 की ओर से ई-नीलामी आयोजित करेगा।
सम्पूर्ण सामग्री को एक सिंगल लॉट आधार पर नीलाम किया जाएगा।
पंजीकरण : https://www.sealthedeal.co.in/
(मै. सील दि डील)
मो. बिभु झा 83696 52088
साहिल गर्ग 95736 69555

**उत्तर रेलवे**
निविदा सूचना
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | एलपी–सर्ज–02–यूएमबी–25 एलपी–कॉन्स–02–यूएमबी–25 |
| कार्य का नाम | मंडल रेलवे अस्पताल अम्बाला छावनी में सर्जिकल आइटम और उपभोज्य आइटम की दैनिक स्थानीय खरीद के लिए रिटेल सप्लायर्स का दो वर्ष के लिए दर अनुबंध में प्रवेश करने के लिए आवेदन। |
| धरोहर राशि | रु.57,100/– सर्जिकल आइटम के लिए रु.15,300/– उपभोज्य आइटम के लिए IREPS Portal. पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से |
| कार्य अवधि | दो साल |
| टेंडर डालने व खोलने का अंतिम तिथि व समय | टेंडर डालने का समय दिनांक 24.12.2025 को 15.00 बजे तक है तथा टेंडर दिनांक 24.12.2025 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर रेलवे अम्बाला छावनी के कार्यालय में खोला जायेगा। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | https://ireps.gov.in निविदाकार दिनांक 10.12.2025 से अपने स्वयं के जोखिम पर बोली शुरू कर सकते है। |

न. एलपी–मेड–02–यूएमबी–2025 दिनांक : 10.12.2025 3828/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# धुंध से दो बसों में टक्कर, पीछे से 15 वाहन और भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

गुरुवार सुबह घनी धुंध के कारण दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। हरियाणा रोडवेज की झज्जर डिपो की बस सहित दो बसों में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बसें फुटपाथ और बैरियर पार करते हुए दूसरी ओर तक पहुंच गईं। हादसे के तुरंत बाद पीछे से आ रहे करीब 15 वाहन भी आपस में भिड़ गए, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में रोडवेज बसों में सवार कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं।

### बसें फुटपाथ पार कर सड़क के दूसरी ओर पहुंचीं, कई घायल


तरावड़ी। हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बस। फोटो : हरिभूमि

कुछ यात्रियों को सिर व शरीर पर गहरी चोटें बताई जा रही हैं। बस चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। कई कारें, एक कैंटर और अन्य वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना के बाद पुलिस और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे हटाने का प्रयास जारी रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय अचानक घनी धुंध छा गई थी, जिससे आगे की विजिबिलिटी बेहद कम हो गई और यह बड़ा हादसा हो गया।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | एचवीपीएनएल के सीएसआर फंड्स के तहत गांधी कुष्ठ आश्रम, हिसार रोड, रोहतक में कुष्ठ रोगियों के लिए 10 अदद कमरों का निर्माण। | 10.12.2025 16.12.2025 | रु. 84,23,399/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 17/7 विद्युत नगर, हिसार में अधिकारियों के अतिथि गृह का पुनरोद्धार। | 10.12.2025 16.12.2025 | अनुमानित लागत रु. 36,13,128/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41081/I/88/6 दि. 11.12.25

## राशिफल


**मेष** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**मिथुन** परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।


**कर्क** मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।


**सिंह** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।


**कन्या** खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।


**तुला** कारोबार में भाग–दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।


**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।


**मकर** कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।


**कुंभ** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।


**मीन** लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## सीएम ने डॉ. मोनिका को सम्मानित किया

**चंडीगढ़।** ट्राईसिटी की जानी-मानी आयुर्वेद विशेषज्ञ और सामाजिक-आर्थिक विश्लेषक डॉ. मोनिका बी सूद को सामाजिक-आर्थिक विकास, राष्ट्रीय नेतृत्व और आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य सेवा में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया।

**ग्राम पंचायत भैणी ठाकरान**
ब्लॉक बवानी खेड़ा (भिवानी)
**बोली सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भैणी ठाकरान में कण्डम बिल्डिंग राजपूत चौपाल को ईंट चोखट आदि व राजीव गांधी सेवा केन्द्र का सामान चोखटें व जंगलें आदि की खुली बोली दिनांक 16.12.2025 को सुबह 10 बजे गांव गांव के महाराणा प्रताप भवन में सरपंच श्रीमती सुनील देवी की अध्यक्षता में करवाई जाएगी। बोलीदाता को बतौर 20,000/- रूपये सिक्योरिटी राशि जमा करवानी होगी। बाकी के नियम व शर्तें मौके पर पढ़ कर सुनाई जाएंगी।
सरपंच, श्रीमती सुनील देवी, ग्राम पंचायत भैणी ठाकरान, खण्ड बवानी खेड़ा (भिवानी)
ग्राम सचिव, मनोज कुमार, खण्ड बवानी खेड़ा (भिवानी)
Mob No-9953973285 8586093986

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, जींद आगार व उपकेन्द्र नरवाना/सफीदों/उचाना व अलेवा बस स्टैण्डों पर स्थित खाली दुकानों/बूथों की नीलामी (किराये पर) नया बस स्टैण्ड, जींद में दिनांक 19.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे होगी। अधिक जानकारी हेतू इस कार्यालय के भवन लिपिक से किसी भी कार्यदिवस पर सम्पर्क करें।
हस्ता/-महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन, जींद
पीआरडीएच-1119/11/771/2026/41103/88/6 दि. 11.12.2025

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुढा के दो तालाबों को पट्टे पर छोड़ने हेतू दिनांक 15.12.2025 प्रातः 11:00 बजे सामान्य चौपाल गांव गुढा में खुली बोली लगाई जानी है। जिसके लिए नियम व शर्तें बोली से पूर्व मौके पर बता दी जाएंगी।
हस्ता/-निशा, सरपंच
ग्राम पंचायत गुढा
पीआरडीएच-1028/11/178/2026/41099/88/6 दि. 11.12.2025

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न सम्पर्क सड़क मार्केट कमेटी जुलाना और उचाना रोड आईडी-3129 और 10501 की वार्षिक मरम्मत + 2 कार्य। | 09.12.2025 16.12.2025 | अनु. लागत रु. 14.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnd35.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41090/I/88/6 दि. 11.12.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि कैथल सहकारी चीनी मिल्स लि. कैथल | एसीबी जॉ कांटेक्ट की आपूर्ति हेतु निविदा + 4 अन्य निविदाएं (कैथल)। | 11.12.2025 17.12.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9466112306 ktlsugar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41100/I/88/6 दि. 11.12.25

## शब्द पहेली - 6075



**बाएँ से दाएं**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 6074 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | धा |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | वा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |



संसद में 9वें दिन राज्यसभा में चुनाव सुधार और वंदे मातरम पर बहस, नड्डा बोले

# तत्कालीन सरकार ने राष्ट्रगीत को नहीं दिया उचित सम्मान, इसका अपमान किया गया, नेहरू ने इसकी पृष्ठभूमि को मुस्लिम समुदाय के लिए बताया था असहज




नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस अवसरवादी रही है। देश की सबसे पुरानी पार्टी अपनी जिम्मेदारी से भी बच रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'वंदे मातरम के 150 साल' पर हुई चर्चा का जवाब दिया। नड्डा ने चर्चा का जवाब देने के दौरान कहा कि स्वतंत्रता के बाद वंदे मातरम को उचित सम्मान नहीं मिला और इसके लिए तत्कालीन सरकार जिम्मेदार है। नड्डा ने चर्चा का समापन करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस अवसरवादी रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी नेता, विशेषकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की छवि खराब करना नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक तथ्यों को ठीक तरह से रखना है। राष्ट्रगीत को सम्मान न मिलने के लिए उस समय की सरकार जिम्मेदार थी। कांग्रेस अनुकूल परिस्थितियों में नेहरू युग का श्रेय लेती है, लेकिन प्रतिकूल स्थितियों में जिम्मेदारी से बचने की कोशिश करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वंदे मातरम का अपमान करने पर किसी दंड का प्रावधान नहीं है। इसके बाद चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत हुई।

## सरकार का उद्देश्य किसी की छवि खराब करना नहीं

वंदे मातरम के 150 साल पर चर्चा का जवाब दिया

कहां गया नेहरू युग जिम्मेदारी लेने से क्यों बच रहे?


राज्यसभा में जोपी नड्डा ने चर्चा का किया समापन

### प्रस्ताव में पहले दो अंतरे गाने का किया जिक्र फिर कुछ भी गाएं

नड्डा ने वंदे मातरम को केवल दो अंतरों तक सीमित करने से संबंधित प्रस्ताव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में कहा गया था कि राष्ट्रीय आयोजनों में वंदे मातरम के सिर्फ पहले दो अंतरे ही गाए जाएं और आयोजकों को यह स्वतंत्रता हो कि वे वंदे मातरम के अलावा किसी अन्य आपत्तिहीन गीत को, चाहें उसके साथ या उसकी जगह, गाने का निर्णय स्वयं लें।

### जिन्ना ने इसके खिलाफ प्रस्ताव पारित किया, नेहरू ने नहीं किया विरोध

नड्डा ने बताया कि संविधान सभा के तीन वर्ष के कार्यकाल में कुल 167 कार्य दिवस हुए, लेकिन राष्ट्रीय गान पर औपचारिक रूप से नौ मिनट से भी कम समय दिया गया। अनेक सदस्यों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद इस विषय पर विस्तृत चर्चा की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर 1937 को मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ सत्र में वंदे मातरम के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। नेहरू ने विरोध करने के बजाय वंदे मातरम को लेकर जांच शुरू करवाई और 20 अक्टूबर को सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखकर स्वीकार किया कि वंदे मातरम की पृष्ठभूमि मुस्लिम समुदाय को असहज कर सकती है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी बोले



### एथेनॉल ब्लेंडिंग से पुरानी गाड़ियों पर कोई असर नहीं

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरदीप सिंह पुरी ने देश में पेट्रोल-डीजल की खपत और एथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर बताया कि यह बदलाव न सिर्फ पर्यावरण के लिए अच्छा है। किसानों और आम जनता की जेब के लिए भी फायदेमंद है।

स्पीकर ओम बिरला ने कहा

### आप संक्षिप्त सवाल करें मंत्रियों से भी अपील की



स्पीकर ओम बिरला ने प्रश्नकाल में संक्षिप्त सवाल करने की अपील करते हुए कहा, एक घंटे के प्रश्नकाल में 20 सवाल होते हैं। उनका प्रयास होता है कि जिन लोगों ने कभी सवाल नहीं किए उन्हें मौका दिया जाए। मंत्रियों से सदन की अपेक्षा को लेकर स्पीकर ने कहा, जवाब संक्षेप में दिया जाना चाहिए, ताकि अधिकांश सवालों को समाहित किया जा सके।

नेताओं ने भी बात रखी

### शाह के भाषण से नेहरू परिवार हिल गया: गिरिराज



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की रणनीति है कि वे आते हैं और चले जाते हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बोलने पर वे उठकर चले जाते हैं। उनमें सच सुनने की हिम्मत नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से पूरा नेहरू परिवार हिल गया।

## संसद में शाह बहुत नर्वस थे: राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा में बुधवार को अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह बहुत 'नर्वस' नजर आए तथा उन्होंने बहस की चुनौती पर कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पूरे देश ने देखा कि शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं।

नेता प्रतिपक्ष का दावा



### वंदे मातरम की वर्षगांठ पर चर्चा या नेहरू पर?



मल्लिकार्जुन खरगे ने नड्डा को बीच में टोका और कहा कि आपके नेता ने इसे खुद स्वीकार किया था। आपके नेता उस समय की सरकार में शामिल थे। जिन चीजों में आपकी सहभागिता थी, आपके अध्यक्ष भी उसमें शामिल थे। उसी बात को आप यहां नकार रहे हैं। खरगे ने यह भी कहा कि यह बहस वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हो रही है या जवाहरलाल नेहरू पर?

### एसआईआर को लेकर जल्दबाजी क्यों? चंद्रशेखर



आज़ाद समाज पार्टी (कांशी राम) के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि चुनावों के दौरान खर्च की जा रही धनराशि का मतलब है कि उसके बाद किसी गरीब का बेटा कभी आगे नहीं बढ़ पाएगा। मतदान का अधिकार हमारी शक्ति है और इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है।

### ईसी को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है?



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि अगर चुनाव आयोग को वाकई चिंता है तो उसे यह सोचना चाहिए कि विपक्ष ने आयोग पर से अपना भरोसा क्यों खो दिया है? दूसरा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का कानूनी अधिकार क्या है? यह पूरी तरह से अवैध प्रक्रिया है ।

## खबर संक्षेप

### किसी महिला का नाम कटा तो रसोई के औजारों से करें पिटाई:ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। राज्य में सर प्रक्रिया पर तीखा हमला बोलते हुए सीएम ममता बेनर्जी ने महिलाओं से अपील की है कि अगर मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान उनके नाम हटाए जाते हैं, तो वे रसोई के औजार तैयार रखें। ममता ने बंगाल के कृष्णानगर में एक रैली में कहा कि क्या आप एसआईआर के नाम पर माताओं और बहनों के अधिकार छीन लेंगे? वे चुनाव के दौरान दिल्ली से पुलिस लाएंगे।

### बिना अनुमति खान की तस्वीरों का इस्तेमाल बैन



**नई दिल्ली।** डिजिटल दौर में अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अभिनेता सलमान खान ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की व्यापक कानूनी सुरक्षा की मांग की है। सुनवाई जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने की।

### हनुमानगढ़ में बवाल से 30 परिवारों ने घर छोड़ा



**हनुमानगढ़।** जिले में गुरुवार का दिन भी तनावपूर्ण बना रहा। यहां किसानों और विपक्षी नेताओं ने चेतावनी दी कि निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्टरी के खिलाफ उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। हालात ये हैं कि फैक्टरी के पास रहने वाले 30 परिवार डर की वजह से अपने घर छोड़कर जा चुके हैं।

### पंजाब में पुजारी के बेटे की कोर्ट परिसर में हत्या



**फाजिल्का।** पंजाब के फाजिल्का में एक मंदिर के पुजारी के बेटे की हत्या कर दी गई। हत्या अबोहर के अदालत परिसर में हुई। मरने वाले का नाम गोलू पंडित था और वह अबोहर के जोड़ी मंदिर के पुजारी अवनीश पंडित के बेटे थे।गोलीबारी की यह घटना गुरुवार सुबह 10:30 बजे हुई और इससे घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

अनुराग ने लोकसभा में ई-सिगरेट पीने का आरोप लगाया

# पूरे देश में इस पर प्रतिबंध के बावजूद टीएमसी सांसद ने सदन के नियमों का उल्लंघन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश से निर्वाचित लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। अनुराग ने स्पीकर ओम बिरला से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की। इस पर स्पीकर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी तरह के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदन के नियमों के अनुसार समुचित जांच कराई जाएगी। अनुराग ने प्रश्नकाल के दौरान कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन संसद में तृणमूल कांग्रेस सांसद ई-सिगरेट पी रहे हैं। उनकी इस बात को गंभीरता से लेते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि संसदीय नियमावली के तहत इस घटना की जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि संसद की मर्यादा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### स्पीकर से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की

बिरला ने समुचित जांच कराने की बात कही


लोकसभा में अपनी बात रखते अनुराग ठाकुर

### स्पीकर से व्यवस्था पर की अपील

अनुराग ने दोपहर करीब 11.27 बजे प्रश्न पूछा। उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के मंत्री सीआर पाटिल से पूछा कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार ने तटीयकरण के लिए कितना फंड आवंटित किया? इसके बाद उन्होंने स्पीकर ओम बिरला से सदन की व्यवस्था से जुड़ा सवाल किया। ठाकुर को बिरला ने बताया कि कोई भी सदस्य स्पीकर से सवाल नहीं, अपील कर सकता है। इस पर भाजपा सांसद ने कहा कि वे सवाल नहीं कर रहे, आग्रह करना चाहते हैं।

### सदने के नियमों को तोड़ा तो कार्रवाई होगी: बिरला

ठाकुर ने कहा कि देशभर में ई-सिगरेट बैन हो चुकी है। क्या सदन में इसकी अनुमति दी गई है? टीएमसी के सांसद कई दिनों से लगातार बैठकर पी रहे हैं। इसकी जांच करानी चाहिए। भाजपा सांसद की गंभीर आपत्ति पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि मैं सभी सदस्यों से पुनः आग्रह करता हूं। हमें संसदीय परंपराओं और नियमों का अनुपालन करना चाहिए। कोई भी सदस्य ऐसा कोई विषय लेकर आएगा को निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

त्रिवेदी ने संसद में खोला इतिहास का 'अनसुना' पन्ना

## आंबेडकर की हार पर नेहरू ने एडविना को क्यों लिखा पत्र? 34, 000 वोटों को क्यों किया रद्द?

चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को इतिहास का अनसुना पन्ना खोल दिया। त्रिवेदी ने कांग्रेस के शासनकाल और विशेष रूप से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के एक पत्र का जिक्र करते हुए इतिहास की कई परतों को उधेड़ दिया। त्रिवेदी ने 1952 के पहले आम चुनाव का जिक्र किया। इस चुनाव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर भी बॉम्बे (अब मुंबई) नार्थ सीट से चुनावी मैदान में थे। लेकिन, उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें हराने वाले कोई और नहीं बल्कि कांग्रेस के उम्मीदवार नारायण काजोलकर थे। डॉ. त्रिवेदी ने दावा किया कि 34000 वोट रद्द करके उन्हें 15000 वोट से हरा दिया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने एडविना माउंटबेटन को एक पत्र लिखा था। सुधांशु ने सदन को बताया कि नेहरू ने माउंटबेटन को लिखा था।

### आंबेडकर के प्रति कांग्रेस का दृष्टिकोण बताया



त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर यह भी लिखा था कि आंबेडकर हिंदू कम्युनिस्टों के साथ हाथ मिला रहे हैं। त्रिवेदी का तर्क था कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि उस समय कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व आंबेडकर के प्रति किस तरह का दृष्टिकोण रखता था।

### पहली 'चुनावी याचिका'आंबेडकर ने दी कांग्रेस का कारनामा इतिहास में दर्ज

सुधांशु याद दिलाया कि भारत के इतिहास में पहली चुनावी याचिका किसी और ने नहीं, बल्कि स्वयं डॉ. आंबेडकर ने दायर की थी, क्योंकि उन्हें चुनाव प्रक्रिया और अपनी हार पर संदेह था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी आज लोकतंत्र और संविधान बचाने की दुहाई देती है, उसने अपने शासनकाल में संविधान निर्माता के साथ कैसा व्यवहार किया था, यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है?

### बैलेट बॉक्स लूटने, बूथ कैप्चरिंग का दौर अब नहीं आएगा

सुधांशु ने कहा कि यह सब इंदिरा गांधी की चुनावी जीत पर अदालत में सवाल उठाए जाने का ही परिणाम था। अब बैलेट बाक्स, बूथ लूट नहीं हो पाएगा।

बहराइच हिंसा मामले में फैसला

## सरफराज को फांसी की सजा, 9 आरोपियों को आजीवन कारावास

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान राम गोपाल की हत्या की


बहराइच में हिंसा वाला स्थान

एजेंसी ▶▶ बहराइच

उत्तर प्रदेश के बहराइच में 13 अक्टूबर 2024 को सांप्रदायिक दंगे हुए थे। दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान यह दंगे हुए थे और इसमें रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना बहराइच के हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार की थी। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद इलाके में हिंसा फैल गई और जमकर तोड़फोड़ हुई थी। इस मामले में 13 लोग आरोपी बनाए गए थे। वहीं मुख्य आरोपी सरफराज था। जिला सत्र न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाया है और सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई है जबकि 9 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं 3 को बरी कर दिया गया।

### रामगोपाल को अगवा किया, तड़पाकर मारा

पुलिस ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनकी मौत गोली लगने से ही हुई थी। पुलिस ने यह भी कहा था कि इस पूरी घटना में केवल रामगोपाल मिश्रा की ही मौत हुई थी। आरोपियों ने पहले रामगोपाल को अगवा कर लिया था और उसके बाद उसकी हत्या की गई थी। रामगोपाल मिश्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गोली लगने से उनकी मौत हुई थी। उनके चेहरे, गले और सीने में गोली के करीब 30 छर्रे के निशान पाए गए थे। राम गोपाल मिश्रा 22 साल के थे। बीच में अफवाह उड़ी थी कि रामगोपाल को मारने से पहले काफी तड़पाया गया और उनके साथ बर्बरता की गई थी।

### इन धाराओं में दर्ज था मुकदमा

बहराइच के जिला सत्र न्यायालय के अपर जिला जज पवन कुमार शर्मा ने यह फैसला सुनाया। मामले का ट्रायल 13 महीने तक चला और उसके बाद अदालत में 10 अभियुक्त को दोषी पाया। कोर्ट में सभी सबूत और गवाहों की गवाही के बाद यह सजा सुनाई गई। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191/2, 191/3, 190, 103/2, 249 और 61/2 के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई थी।

कर्नाटक विधानसभा में विशेष बिल किया गया पेश

# किसी का सामाजिक बहिष्कार किया तो होगी जेल

## जाति पंचायतों द्वारा लोगों का कर दिया जा रहा हुक्का पानी बंद

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो खासकर जाति पंचायतों द्वारा किसी व्यक्ति या परिवारों या समूह के सामाजिक बहिष्कार या उसका हुक्का पानी बंद करने के फैसले या ऐसे कदम पर रोक लगाता है और उसे अपराध घोषित करता है। इस विधेयक के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 3 साल तक की जेल की सजा और एक लाख रुपएके जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। राज्य के समाज कल्याण मंत्री एच सी महादेवप्पा ने विधानसभा में 'कर्नाटक सामाजिक बहिष्कार (रोकथाम, निषेध और निवारण) विधेयक, 2025' पेश किया है, जिसमें सामाजिक बहिष्कार के 20 रूप बताए गए हैं।




कर्नाटक विधानसभा

उपमुख्यमंत्री डीके की तरफ से मंत्री ने पेश किया

### किसी भी तरीके से रोकना या बोलना अब प्रतिबंधित

इन बहिष्कारों में किसी के साथ लेन-देन करने, उसके लिए काम करने या कारोबार करने से मना करना, मौके देने से मना करना। किसी भी आधार पर सामाजिक, धार्मिक या सामुदायिक कार्यक्रमों, सभाओं, बैठकों या जुलूसों में भाग लेने से पीड़ित पक्ष को रोकना, उसका सामाजिक बहिष्कार करना, संबंध तोड़ना और अन्य कई बातें भी उसके अंतर्गत आती हैं।

### मंत्री महादेवप्पा ने विधेयक सदन में रखा

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की ओर से मंत्री महादेवप्पा ने पेश किया। यह वृहत बेंगलुरु शासन अधिनियम 2024 में संशोधन का प्रस्ताव करता है ताकि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधानपरिषद के सदस्यों को 'ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी' के सदस्यों के रूप में शामिल किया जा सके।

### सामाजिक जीवन पर बुरा असर पड़ रहा

इसें कहा कि राज्य में अलग-अलग समुदायों में अब भी जाति या समुदाय पंचायतों जैसी गैर-न्यायिक संस्थाओं द्वारा बहिष्कार, अलग-अलग सज़ा देना जैसे संवैधानिक तरीके चलन में हैं, जिसके कारण व्यक्तियों या समूहों को सम्मान के साथ जीवन जीने में बहुत परेशानी होती है। विधेयक में कहा गया है कि इसका समुदाय के सामाजिक जीवन पर बुरा असर पड़ता है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक–एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं

| क्र. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-SLR-15-2025 (09 लॉट) | 23.12.2025/12:00 | 23.12.2025/13:50 |

| क्र.सं. | ट्रेन संख्या | से–तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1 | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2 | 15012 | CDG-LJN | FSLR-I |
| 3 | 15012 | CDG-LJN | RSLR-I |
| 4 | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 5 | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 6 | 12326 | NLDM-KOAA | FSLR-I |
| 7 | 12232 | CDG-LKO | RSLR-I |
| 8 | 22356 | CDG-PPTA | FSLR-I |
| 9 | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

कृते वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंध–एफ एस
उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी

3832/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# यात्रियों की सुरक्षा-विश्वास को भी प्राथमिकता दें एयरलाइंस

इंडिगो एयरलाइंस पर स्टाफ की कमी से आया परिचालन संकट एक सबक है। सरकार के लिए भी और एयरलाइंस के लिए भी। पिछले आठ दिनों में करीब 4,800 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं। इसके कारण आसमान में उड़ने के लिए किराया भी आसमान छू रहा है। इस दौरान 5-6 हजार की जगह 35-40 हजार रुपये किराया वसूला गया। इस पर न किसी की बंदिश थी और न ही लगाम। हालांकि सरकार के आदेश के बाद इंडिगो ने पिछले 5-6 दिनों में करीब 600 करोड़ रिफंड भी किए, लेकिन यहां सवाल रिफंड का नहीं, यात्रियों का जो नुकसान हुआ उसका है, उनकी सुरक्षा और विश्वास का है। एक एयरलाइंस की लापरवाही के कारण लाखों लोगों को जो परेशानी झेलनी पड़ी, उसकी भरपाई कौन करेगा। इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हुआ। सवाल यह भी है कि जब इंडिगो की फ्लाइटें बंद थीं, तो अन्य एयरलाइंस ने मौके का फायदा उठाते हुए टिकटों के दाम क्यों बढ़ा दिए? ऐसे में दूसरी एयरलाइंस द्वारा दाम बढ़ाए जाने को कैसे जायज ठहराया जा सकता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इंडिगो के चल रहे संकट को लेकर केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की खिंचाई की और उड़ानें रद्द और देरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीर संकट बताते हुए सवाल उठाए। आखिर हालात इस कदर कैसे बिगड़ गए? कोर्ट ने भी निर्देश दिया है कि यात्रियों को तुरंत मुआवजा देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। दूसरी तरफ, इंडिगो ने कहा कि वह उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। 3-5 दिसंबर के बीच ज्यादा परेशान हुए यात्रियों को 10,000 रुपये का ट्रैवल वाउचर मिलेगा। इसे अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। दूसरी तरफ, हाल ही में आए एक सर्वे पॉपुलर कम्युनिटी प्लेटफॉर्म (लोकलसर्कल) के अनुसार इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, अकासा एयर जैसी 8 प्रमुख एयरलाइंस पिछले 12 महीनों में यात्रियों के साथ धोखाधड़ी में शामिल मिली हैं। 1.24 लाख से ज्यादा यात्रियों के डेटा से यह खुलासा हुआ है कि इन एयरलाइंस ने टिकट बुकिंग से लेकर कैंसिलेशन तक में कई तरह के अनैतिक तरीके अपनाए और यात्रियों के विश्वास का हनन किया है। सर्वे के अनुसार ड्रिप प्राइसिंग (छुपी हुई फीस), बैट एंड स्विच (वादा करके बदलना), फोर्स्ड एक्शन (जबरदस्ती) और कन्फर्म शेमिंग के नाम पर यात्रियों के साथ धोखाधड़ी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 70% यात्रियों ने पिछले एक साल में इस तरह की धोखाधड़ी महसूस की। सर्वे में यात्रियों ने बताया कि कैसे उन्हें एयरलाइंस की वेबसाइट या एप पर गलत जानकारी दी गई, जिससे वे मजबूरन ज्यादा पैसे खर्च करने पर मजबूर हुए। बता दें कि केंद्र ने 2023 में यात्रियों के साथ होने वाली धोखाधड़ी (डार्क पैटर्न्स) पर दिशा-निर्देश जारी किए थे। हालांकि इसके बाद भी ज्यादातर एयरलाइंस पर उसका कोई खास असर नहीं पड़ा। ग्राहक अभी भी इससे परेशान हैं और सोशल मीडिया पर अक्सर शिकायतें करते देखे जा सकते हैं। ऐसी घटनाएं दर्शाती हैं कि देश में यात्री सुरक्षा और पारदर्शिता की कमी है। एयरलाइंस को सिर्फ मुनाफे को नहीं, बल्कि यात्रियों के विश्वास व सुरक्षा को भी प्राथमिकता देनी होगी। सरकार को तुरंत जांच करनी चाहिए और दोषी एयरलाइंस पर जुर्माना लगाना चाहिए। भविष्य में ऐसा न हो इसके लिए डीजीसीए, सरकार और एयरलाइंस की जवाबदेही तय होनी चाहिए।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# रुपया कमजोर होने का असर सीमित

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 दिसंबर को पहली बार 90 रुपये के स्तर को पार कर गया, जबकि 2 दिसंबर को रुपया 89 .95 के स्तर को पार कर गया था। रुपया इस साल की शुरुआत से अब तक 5 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है और यह इस अवधि में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा रही है। उल्लेखनीय है कि रुपये के 80 रुपये से 90 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंचने में महज 773 कारोबारी दिन लगे। इस बीच, डॉलर इंडेक्स, जो 6 करेंसियों के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0 .13 प्रतिशत गिरकर 99 .22 के स्तर पर आ गया और देसी बाजार में 3 दिसंबर को लगातार चौथे दिन इसमें गिरावट दर्ज की गई।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 दिसंबर को पहली बार 90 रुपये के स्तर को पार कर गया, जबकि 2 दिसंबर को रुपया 89.95 के स्तर को पार कर गया था। रुपया इस साल की शुरुआत से अब तक 5 प्रतिशत से अधिक गिर चुका है और यह इस अवधि में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा रही है। उल्लेखनीय है कि रुपये के 80 रुपये से 90 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंचने में महज 773 कारोबारी दिन लगे। इस बीच, डॉलर इंडेक्स, जो 6 करेंसियों के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.13 प्रतिशत गिरकर 99.22 के स्तर पर आ गया और देसी बाजार में 3 दिसंबर को लगातार चौथे दिन इसमें गिरावट दर्ज की गई। रुपये के कमजोर होने से 3 दिसंबर को कारोबार के दौरान सेंसेक्स 375 अंक तक फिसल गया था, लेकिन अंत में 31.5 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,107 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 46 अंक यानी 0.2 प्रतिशत गिरकर 25,986 पर बंद हुआ।

इतना ही नहीं,16 प्रमुख क्षेत्रीय सूचकांकों में से 11 में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 और निफ्टी मिडकैप 100 क्रमशः 0.7 प्रतिशत और 1 प्रतिशत टूटे। निफ्टी पीएसयू बैंक सूचकांक में सबसे ज्यादा 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो 7 महीनों में सबसे ज्यादा है। मौजूदा प्रतिकूल परिस्थिति के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भुगतान संतुलन 10.90 अरब डॉलर नकारात्मक हो गया, जबकि वह पिछले वर्ष की समान तिमाही में 18.6 अरब डॉलर सकारात्मक था। व्यापार घाटा भी बढ़ा है और यह भी अंदेशा है कि चालू खाते का घाटा भी चालू वित्त वर्ष में बढ़ेगा। बहरहाल, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी से बाजार और लोगों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है। अमेरिका के साथ कारोबारी करार पर अनिश्चितता के कारण भी बेहतर प्रतिफल की आस में विदेशी निवेशक बिकवाली कर रहे हैं। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक मौजूदा स्थिति से बहुत ज्यादा चिंतित नहीं है और उसे लग रहा है जल्द ही स्थिति काबू में आ जाएगी। इसलिए, उसने शुरुआती दौर में रुपये की मजबूती के लिए कोई पहल नहीं की, लेकिन बाद में भारतीय रिजर्व बैंक ने सुधारात्मक कार्रवाई की और इसके तहत राष्ट्रीयकृत बैंकों ने 2 दिसंबर को डॉलर की भारी खरीद की, जिससे रूपये में थोड़ी मजबूती आई।

रुपये के लगातार कमजोर होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने (आईएमएफ़) ने हाल में भारत के विनिमय दर व्यवस्था को स्थिर से क्रॉल-जैसी व्यवस्था की श्रेणी में डाल दिया है, जो गलत है, क्योंकि भारत निर्यात से ज्यादा आयात करता है, इसलिए, आयात और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में हमेशा डॉलर की मांग बनी रहती है और कई बार इसके कारण रुपया कमजोर होता है, लेकिन जल्द ही वह फिर से मजबूत हो जाता है। लिहाजा,मौजूदा परिवेश में भी रिजर्व बैंक चिंतित नहीं है।

दूसरी तरफ, रिजर्व बैंक के पास 21 नवंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर था, जो लगभग 11 महीने के आयात बिल की भरपाई करने के लिए पर्याप्त है। रिजर्व बैंक के आकलन के अनुसार रुपया खुद से मजबूत हो जाएगी। यह मुमकिन भी है, क्योंकि रुपये के कमजोर होने के कारण तात्कालिक हैं



और लंबी अवधि तक ये टिकने वाले नहीं हैं। गौरतलब है कि कमजोर रुपया भारतीय निर्यातकों की मदद भी करता है, क्योंकि उन्हें बेचे गए उत्पादों की कीमत डॉलर में मिलती है। हालांकि, अमेरिकी शुल्क से जो नुकसान हो रहा है, उसकी पूरी तरह भरपाई रुपये के अवमूल्यन से नहीं हो सकती है। फिर भी, इससे भारतीय निर्यातकों को नए बाजार का विकल्प तलाशने में कुछ मदद जरुर मिलेगी। पुनश्चः रुपया दूसरी मुद्राओं की तुलना में जरूर गिरा है, लेकिन कोरोना महामारी के बाद से यह चीन की मुद्रा युआन के मुकाबले काफी मजबूत हुआ है। इसके कारण चीन से आयात करना वर्तमान में सस्ता हो गया है। इससे चीन से आयात की जाने वाली बहुत सारी जरूरतें आसानी और सस्ती दरों में पूरी की जा सकती है।

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाये गए 50 प्रतिशत टैरिफ को ख़त्म करने के लिए द्विपक्षीय वार्ता चल रही है और उम्मीद है कि जल्द ही मामले में सकारात्क परिणाम निकलेंगे, क्योंकि धीरे-धीरे ट्रंप का रुख नरम पड़ रहा है। इसलिए, माना जा रहा है कि टैरिफ विवाद के ख़त्म होते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक फिर से भारत में पहले की तरह निवेश करना शुरू कर देंगे। गौरतलब है कि विदेशी निवेशकों ने 2025 में अभी तक 15 अरब डॉलर की निकासी कर चुके हैं। नवंबर महीने में निर्माण क्षेत्र में धीमी वृद्धि दर्ज हुई। एचएसबीसी मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 56.6 के स्तर पर रही, जो अक्टूबर के 59. 2 से कम है। यह पिछले 9 महीनों में सबसे धीमी सुधार की स्थिति दर्शाता है। नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि बनी रही, लेकिन यह भी पिछले 9 महीनों में सबसे कम रही, लेकिन रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो दर में हालिया कटौती करने से कर्ज और आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बढ़ने की संभावना है। दरअसल,कर्ज के सस्ता होने से रियल एस्टेट, कोर्पोरेट्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के कारोबार में इजाफा होने की संभावना है। इससे और रुपये के कमजोर रहने से निर्यात को भी बल मिल सकता है। इधर,नवंबर महीने में सेवा क्षेत्र में तेजी की स्थिति बनी रही। एचएसबीसीइंडिया सर्विसेज पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के अनुसार, सेवा से संबंधित कारोबारी गतिविधियां अक्टूबर में थोड़ी धीमी होने के बाद नवंबर में तेजी से बढ़ी। इस महीने पीएमआई 59.8 रहा, जो अक्टूबर में 58.9 रहा था। इन आंकड़ों से पता चलत्ता कि उत्पादन में उछाल आ रहा है। पीएमआई में 50 से ऊपर का स्तर आर्थिक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का स्तर कारोबारी संकुचन की तरफ इशारा करता है, जबकि 50 का स्तर बताता है कि उत्पादन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

मामले में बार्कलेज के विदेशी मुद्रा रणनीतिकारों का कहना है कि 2026 में रुपया कमजोर होकर 94 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है, लेकिन इस अनुमान में अतिश्योक्ति प्रतीत हो रहा है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनी हुई है। अस्तु, रुपये के कमजोर होने से बहुत ज्यादा दबाव में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके कारण तात्कालिक हैं, जो जल्द ही ख़त्म होने वाले हैं। इसके साथ, स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व बैंक के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार उपलब्ध है और बीते महीनों से भारतीय रुपया चीन की मुद्रा युआन के मुकाबले बहुत ज्यादा मजबूत हुआ है, जिससे भारतीय कारोबारियों के लिए चीन से कारोबार करना आसान हुआ है। ऐसे में, रुपये में आ रही गिरावट से बहुत ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। संक्षेप में, गिरावट के असर हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था में मजबूती के भी संकेत हैं और सरकार व आरबीआई के पास इसे संभालने के उपाय हैं, इसलिए घबराने की बजाय समझदारी से काम लेना चाहिए

( लेखक एसबीआई मुंबई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
राजेंद्र बज



# रुकना चाहिए आत्महत्या का चिंताजनक सिलसिला

भागम-भाग की इस जीवन शैली में अलग-अलग कारणों के चलते मानसिक संताप से त्रस्त होकर आत्महत्या करने के मामले बहुतायत में देखें और सुने जा रहे हैं। समस्या कैसी भी हो, इतनी बड़ी नहीं हो सकती कि देव दुर्लभ माने जाने वाले मनुष्य भव का अस्तित्व दांव पर लगा दिया जाए। कानूनी रूप से ही नहीं, अपितु धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी आत्महत्या को अपराध की श्रेणी में शुमार किया जाता है। यह अलग बात है कि इसमें सफल होने पर दोष सिद्धि के कोई मायने ही नहीं रह जाते, लेकिन जाने वाला अपने परिजन पर अपने जाने के बाद जो जिम्मेदारियां छोड़ जाता है, उसका बोझ परिजनों को ही उठाना होता है। दरअसल, हमें उन कारणों को चिन्हित करना होगा, जिसके चलते सामान्य व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश हो जाया करता है। आत्महत्या के कारण के मूल में आर्थिक तंगी, पारिवारिक कलह, गंभीर बीमारी और प्रेम प्रसंग को प्रमुख रूप से रेखांकित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कानूनी प्रावधान के साथ-साथ सामाजिक चेतना को और अधिक जागृत करने की दिशा में गंभीर कदम उठाने की नितांत आवश्यकता है। ऐसे विधि सम्मत प्रावधान होने चाहिए कि कोई भी कर्जदार व्यक्ति कर्जदाता के खौफ में रहकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम न उठाए। हालांकि इस संबंध में वैधानिक प्रावधान तो अवश्य है, लेकिन पर्याप्त जानकारी के अभाव में पीड़ित पक्ष इसकी शरण नहीं ले पाता। व्यवहार में देखा गया है कि आवश्यकता होने पर ऊंची से ऊंची ब्याज दर का भुगतान करने की शर्त के आधार पर कहीं और, और अधिक लाभ की प्रत्याशा में बाजार से पैसा उठा लिया जाता है। ऐसे में व्यापारिक उतार-चढ़ाव के चलते लाभ हो न हो, लेकिन भारी-भरकम ब्याज चुकाने की जिम्मेदारी आयद हो जाती है। इसके चलते हताशा इस कदर हो जाती है कि व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश हो जाता है। इस संदर्भ में बाजार में प्रचलित ब्याज दर पर नियंत्रण की अत्यंत आवश्यकता है। जहां तक घर-परिवार के संचालन में आर्थिक तंगी का सवाल है, तो शासन स्तर पर व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु अतिरिक्त प्रावधान भी किए जाने चाहिए।

हालांकि जीवन की अधिकांश अनिवार्य आवश्यकताओं की आपूर्ति करने की दिशा में केंद्र तथा राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इसके बावजूद बिना किसी औपचारिकता को पूर्ण किए, ऐसी व्यवस्था का लाभ आम आदमी को नहीं मिल पाता। यह बात जरूर है कि वर्तमान दौर में अनिवार्य आवश्यकताओं में नाना प्रकार की आवश्यकताओं का विस्तार हो गया है। लेकिन जीवनरक्षक आवश्यकताओं की पूर्ति तो की ही जा सकती है। मालवा में ऐसा माना जाता है कि जहां चार बर्तन होते हैं, वहां बजने की संभावना बलवती होती है। बहुत स्वाभाविक है कि परिवार में सदस्य विशेष के कार्य या व्यवहार से अन्य सदस्यों को इतनी तकलीफ होने लगे कि बात तकरार पर आ जाए। आए दिन परिवार में कलह होने लगे। ऐसी स्थिति में हो सकता है कि अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान को दांव पर लगा देखकर कोई सदस्य आक्रोश या घोर हताशा के चलते आत्महत्या जैसा कदम उठा लें। ऐसी स्थिति में पास-पड़ोसियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस संदर्भ में बेहतर हो यदि हर कोई अपने पास-पड़ोस में होती कलह के कारणों को दूर करने का स्वतः संज्ञान लेवे।

आत्महत्या के अन्य कारणों में गंभीर बीमारी और प्रेम-प्रसंग को लिया जा सकता है। ये कारण दरअसल इतने व्यक्तिगत होते हैं कि अनेक बार परिजनों को भी इसकी भनक नहीं लग पाती। ऐसे में यह जिम्मेदारी भी परिवार के सदस्यों पर छोड़ी जा सकती है कि किसी सदस्य विशेष के आचार-विचार और व्यवहार में यदि असामान्य परिवर्तन दिखाई दे, तो समय रहते ऐसे परिवर्तन के कारणों को चिन्हित करते हुए उसके निदान की समुचित व्यवस्था बनाए। कुल मिलाकर हर एक दूसरों के प्रति जिम्मेदार बनने की कोशिश करें, तभी आत्महत्या के दौर को नियंत्रित किया जा सकेगा। हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार मनोविज्ञान के क्षेत्र में, विशेषज्ञ आत्महत्या की समस्या से निपटने के लिए अपनी विशिष्ट क्षमताओं का उपयोग कर रहे हैं। मौलिक वैज्ञानिक आत्महत्या के विचारों और व्यवहार से जुड़े मस्तिष्क परिवर्तनों और जोखिम कारकों का अध्ययन कर रहे हैं। व्यावहारिक वैज्ञानिक जोखिम में पड़े लोगों की पहचान करने के नए तरीके खोज रहे हैं। नैदानिक शोधकर्ता नए उपचारात्मक उपायों का परीक्षण कर रहे हैं, और जमीनी स्तर पर कार्यरत चिकित्सक संघर्षरत लोगों तक उपचार पहुंचाने में मदद कर रहे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य के प्रति जागने में है 'जीवन की महत्ता'



संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
प्रेरणा

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचा सकते हैं, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- पंकज साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

### हत्या-आत्महत्या घटना में चैटजीपीटी पर मुकदमा

अमेरिका में कनेक्टिकट की 83 वर्षीय महिला के परिवार ने चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई और उसके व्यापारिक साझेदार माइक्रोसॉफ्ट पर मुकदमा कर आरोप लगाया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले चैटबॉट ने उनके बेटे के 'भ्रम' को और बढ़ा दिया तथा अपनी मां की हत्या करने के लिए उकसाया। पुलिस ने बताया कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले पूर्व कर्मचारी 56 वर्षीय स्टीन-एरिक सोएलबर्ग ने अगस्त की शुरुआत में कनेक्टिकट में स्थित घर में अपनी मां सुजैन एडम्स की पीट-पीटकर और गला घोंटकर हत्या कर दी। मां-बेटे इसी घर में रहते थे। एडम्स के परिवार द्वारा बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को में स्थित अदालत में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ओपनएआई ने 'एक दोषपूर्ण उत्पाद डिजाइन व वितरित किया जिसने एक उपयोगकर्ता के अपनी मां के बारे में मनगढ़ंत भ्रमों को सही साबित कर दिया।' देश भर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट निर्माताओं के खिलाफ मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। मुकदमे में कहा गया है, 'इन सभी बातचीत के दौरान, चैटजीपीटी ने एक ही खतरनाक संदेश को दोहराया कि स्टीन-एरिक को अपने जीवन में किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए, सिवाय चैटजीपीटी के।'




## ऑफ बीट

### बोतलबंद पानी पीने के मिले अनदेखे स्वास्थ्य जोखिम



पानी के प्रति बढ़ते अविश्वास के कारण बोतलबंद जल का सेवन दुनियाभर में एक आदत बन गयी है। यहां तक कि उन देशों में भी ऐसा हो रहा है जहां सार्वजनिक जलापूर्ति की बहुत गहराई से जांच की जाती है। बाजार ने बोतलबंद पानी को शुद्ध, स्वस्थ और अधिक सुविधाजनक उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया है, लेकिन वैज्ञानिक प्रमाण एक अलग कहानी बताते हैं। शुद्धता के एहसास को केंद्र में रखकर बोतलबंद पानी के सेवन की अपील की जाती है, फिर भी शोध यह दिखाते हैं कि इससे अक्सर स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए जोखिम खड़े होते हैं। इस साल एक शोध में पता चला कि बोतलबंद पानी उतना सुरक्षित नहीं हो सकता जितना कई लोग मानते हैं। दोबारा भरने करने योग्य जग और प्लास्टिक की बोतलों में बेचे जाने वाले पानी पर किए गए परीक्षणों के दौरान बैक्टीरिया संदूषण का स्तर उच्च पाया गया। अधिकांश विकसित देशों में, नल के पानी को बोतलबंद पानी की तुलना में कड़े कानूनी और परीक्षण मानकों के तहत परखा जाता है। रोजाना सार्वजनिक जलापूर्ति में बैक्टीरिया, भारी धातुओं और कीटनाशकों की जांच की जाती है। ब्रिटेन में, पेयजल परीक्षण के परिणामों को खुले रूप से प्रकाशित किया जाता है।

## ट्रेंड

### पूर्व राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उनकी संविधान की गहरी समझ ने सार्वजनिक पदों पर उनके कार्यकाल को परिभाषित किया। उनका जीवन और कार्य हमारी लोकतांत्रिक यात्रा को निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### खण्डित आज़ादी



वर्ष- 1937 में मुस्लिम लीग ने 'वन्दे मातरम् ' का विरोध किया जिसको कांग्रेस ने स्वीकार किया था। वर्ष- 1947 में कांग्रेस ने भारत को खण्डित आज़ादी दिलाई थी, इसी तरह 'वन्दे मातरम' के शुरुआत के दो अंतरे लेकर उसे भी खण्डित किया था।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### असमान अर्थव्यवस्था



अरबबपति मित्रों को बांटो देश की संपत्ति, गरीबों पर भाजपाई लूट की रोज़ाना विपत्ति ! मोदी सरकार ने भारत को दुनिया की सबसे असमान अर्थव्यवस्था बना दिया है। भारत में 10% सबसे अमीर लोगों के पास देश की 58% संपत्ति है, और निचले स्तर पर गरीब 50% लोगों के पास केवल 15% हिस्सा।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### एआई कंटेंट की क्रांति



अधिकतर लोग यह मान चुके हैं कि एआई कंटेंट बाजार में क्रांति ला रहा है, लेकिन वे यह नहीं मान रहे हैं कि यह नए आईपी (बौद्धिक संपदा) के निर्माण और प्रसार की लागत को भी काफी कम कर रहा है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# लियोनल मेसी के साथ फोटो खिंचवाना हो तो चुकाने पड़ेंगे 10 लाख रुपये

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

## शनिवार की शाम 4 बजे हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी के प्रशंसक विश्व भर में मौजूद हैं। वह 13 दिसंबर को हैदराबाद में आएंगे, जहां उन्हें कुछ खास कार्यक्रमों में हिस्सा लेना है। भारत में मौजूद उनके प्रशंसकों के पास इस फुटबॉल दिग्गज के साथ फोटो खिंचवाने का सुनहरा मौका मिलेगा, लेकिन इसके लिए उन्हें अपनी जेब से लगभग 10 लाख रुपये खर्च करने होंगे।

फलकनुमा पैलेस में खिंचवाए जाएंगे फोटो मेसी के शनिवार की शाम 4 बजे हैदराबाद पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद वह उप्पल स्टेडियम जाएंगे, जहां शाम 7 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी के साथ फोटो खिंचाने के लिए 9.95 लाख रुपये और जीएसटी भी चुकाने होंगे। इस अनुभव के लिए सिर्फ 100 स्लॉट उपलब्ध हैं। यह प्रीमियम फोटो फलकनुमा पैलेस में खिंचवाएं जाएंगे और इसके लिए टिकट डिस्ट्रिक्ट ऐप के जरिए बेचे जा रहे हैं।



फाइल फोटो

### स्टेडियम में लगभग 1 घंटे समय बिताएंगे मेसी

गॉट टूर हैदराबाद की एडवाइजर परवती रेड्डी के अनुसार, स्टेडियम प्रोग्राम के लिए सभी टिकट कैटेगरी डिस्ट्रिक्ट ऐप के माध्यम से उपलब्ध हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि कोई क्रिकेटर आमंत्रित नहीं किए गए हैं और शाम में एक संगीतमय कॉन्सर्ट भी शामिल होगा।मेसी में स्टेडियम में लगभग एक घंटे रुकने की उम्मीद है और रविवार को मुंबई के लिए रवाना होने से पहले वह हैदराबाद में ही रात बिताएंगे।

### मेसी के साथ सुआरेज और रोड्रिगो भी होंगे शामिल

मेसी के साथ अर्जेंटीना के स्टार रोड्रिगो डी पॉल और उरुग्वे के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज भी हैदराबाद में कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्टेडियम इवेंट 20 मिनट के प्रदर्शनी मैच से शुरू होगा, जिसमें सिंगारेणी आरआर-9 और अपर्णा मेसी ऑल स्टार्स के बीच मुकाबला होगा। इस प्रदर्शनी मैच में कुछ युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को मेसी के सामने खेलने का सौभाग्य मिलेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी मैच के आखिरी 5 मिनट में शामिल होंगे।

### सबसे ज्यादा बार बेलोन डी'ओर का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी

मेसी सबसे ज्यादा बार बेलोन डी'ओर जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और 2023 में यह खिताब जीता था। दूसरे स्थान पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो (5 बार) हैं। उन्होंने 2008, 2013, 2014, 2016 और 2017 में यह खिताब अपने नाम किया था। तीसरे स्थान पर फ्रांस के माइकल प्लैटिनी हैं। उन्होंने साल 1983, 1984 और 1985 में यह खिताब जीता था। मेसी लगातार 4 बार यह खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी थे।

## खबर संक्षेप



### वुमैंस लीग फुटबॉल का 20 से कोलकाता में आगाज

**नई दिल्ली।** इंडियन वुमैंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा। इसके पहले मैच में सेथु एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि आईडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जाएगा। इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी। कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जाएंगे।दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई तक आईडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिससे सीनियर और अंडर20 महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। भारत की यह दोनों टीम अपनी अपनी श्रेणियों में अगले साल एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेंगी।

### करणदीप ने दुबई में पहला आईजीपीएल खिताब जीता



**दुबई।** करणदीप कोच्चर ने यहां आईजीपीएल आमंत्रण यूएई गोल्फ टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता। कोच्चर का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने युवा वीर गणपति और पुखराज सिंह को पछाड़ा। आईजीपीएल आमंत्रण कोलकाता में उप विजेता रहे कोच्चर ने आईजीपीएल के पहले सत्र में 10वें टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत दर्ज की। गणपति अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से कोच्चर से एक शॉट पीछे रहे। पुखराज भी उनके साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों का कुल स्कोर आठ अंडर रहा। आईजीपीएल मुंबई में खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली प्रणवी उर्स (71) कुल सात अंडर के स्कोर से चौथे स्थान पर रहीं।

### पैरा खेलों में तैराक अब्दुल इंदौरी ने दो स्वर्ण पदक जीते



**दुबई।** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया। इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

## डिकॉक का अर्धशतक, बार्टमैन ने 4 विकेट झटके

# भारत को 51 रन से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला 1-1 से बराबर की

▶▶| भारतीय टीम 162 रन पर ऑलआउट

▶▶| भारत दूसरा टी-20 हारा, यह घर में सबसे बड़ी हार

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)

दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बृहस्पतिवार को यहां दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 51 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। अब तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाएगा। पहले मैच में महज 74 रन पर आउट होने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 213 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया जिसमें डिकॉक की 46 गेंद की पारी में सात छक्के और पांच चौके जड़े थे। डिकॉक ने कप्तान एडन मारक्रम (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 83 रन की भागीदारी निभाई। डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया।

भारत ने पारी में 16 वाइड गेंद डाली और 22 अंतिरिक्त रन दिए जबकि दक्षिण अफ्रीका ने केवल पांच अतिरिक्त रन दिए। इस तरह भारत ने अंतिम 10 ओवर में 123 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत काफी खराब रही जिससे टीम उबर नहीं सकी और तिलक वर्मा (62 रन) के अर्धशतक के बावजूद 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 27 रन, अक्षर पटेल ने 21 रन और हार्दिक पंड्या ने 20 रन बनाए।




### क्विंटन डी कॉक बने मैन आफ द मैच

**अफ्रीका-213/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक रन आउट | 90 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो वरुण चक्रवर्ती | 08 |
| मारक्रम का पटेल बो चक्रवर्ती | 29 |
| डेवाल्ड का तिलक वर्मा बो पटेल | 14 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 30 |
| डेविड मिलर नाबाद | 20 |

अतिरिक्त : 22
कुल योग : 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन
विकेट पतन : 1-38, 2-121, 3-156, 4-160
गेंदबाजी: अर्शदीप सिंह 4-0-54-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-45-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-29-2, अक्षर पटेल 3-0-27-1, हार्दिक पंड्या 3-0-34-0, शिवम दुबे 2-0-18-0

**भारत-162/10 (19.1)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का डिकॉक बो यानसन | 17 |
| शुभमन का हेंड्रिक्स बो एनगिडी | 00 |
| अक्षर का हेंड्रिक्स बो बार्टमैन | 21 |
| सूर्यकुमार का डिकॉक बो यानसन | 05 |
| तिलक का मारक्रम बो एनगिडी | 62 |
| पंड्या का ब्रेविस बो सिपमाला | 20 |
| जितेश का बार्टमैन बो सिपमाला | 27 |
| शिवम दुबे बो बार्टमैन | 01 |
| अर्शदीप का मिलर बो बार्टमैन | 04 |
| वरुण का मारक्रम बो बार्टमैन | 00 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 05
कुल : 19.1 ओवर में 162 रन पर सभी आउट
विकेट पतन: 1-38, 2-121, 3-156, 4-160, 5-118, 6-157, 7-158, 8-162, 9-162
गेंदबाजी : लुंगी एनगिडी 3.1-0-26-2, मार्को यानसन 4-0-25-2, लुथो सिपमाला 4-0-46-2, डोनोवन फरेरा 1-0-14-0, ओटनील बार्टमैन 4-0-24-4, जॉर्ज लिंडे 3-0-23-0

चार विकेट झटके जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और लुथे सिपमाला को दो दो विकेट मिले। टीम ने पहले ही ओवर में शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल सके।

इस तरह खेल के इस प्रारूप में उनकी फॉर्म पर चिंता बरकरार है। एनगिडी की गेंद को डिफेंड करने की कोशिश में वह पहली स्लिप में खड़े हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दो छक्के से आठ गेंद में 17 रन बनाकर तेज शुरूआत की लेकिन यानसन की गेंद पर आउट हो गए। गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर सीधे विकेटकीपर डिकॉक के हाथों में समा गई।

## टी20 सीरीज

# श्रीलंका के खिलाफ भारत कमान संभालेंगी हरमनप्रीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ 21 दिसंबर से शुरू होने जा रही पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा हुई। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मैच जिताऊ पारी खेलने वालीं शेफाली को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बयान में कहा, "महिला चयन समिति ने श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ आगामी पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम चुन ली है।" हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। इस टीम में जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को भी मौका दिया गया है। दोनों ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप में खेला था।

### भारत की टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिगेज, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

## रोहित और कोहली का होगा डिमोशन सैलरी में होगी 2 करोड़ की कटौती...!

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली की सालाना सैलेरी में 2 करोड़ रुपये की कटौती हो सकती है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 22 दिसंबर को अपनी 31वीं सालाना आम बैठक करेगा। इस साल सबसे बड़ी चर्चा का विषय विराट कोहली और रोहित शर्मा के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट हैं। माना जा रहा है कि रोहित-विराट के ग्रेड में डिमोशन हो सकता है। मतलब उन्हें ए+ ग्रेड से ए ग्रेड में डाला जा सकता है, जिसकी असर उन्हें मिलने वाली सालाना सैलरी पर भी पड़ता दिखेगा। बता दें पिछले एक साल में दोनों दिग्गजों ने टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब वे सिर्फ वनडे खेलते हैं।

## एशेज सीरीज

# लंबे समय बाद मैदान में दिखेंगे कमिंस तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम घोषित



एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 का तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से खेला जाना है, जिसके लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है। एडिलेड टेस्ट की 15 सदस्यीय टीम में कप्तान पैट कमिंस की वापसी हुई है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट की वजह से लंबे समय से टेस्ट नहीं खेले हैं।

उन्होंने इस साल जुलाई में सबीना पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है। बता दें कि कमिंस सीरीज के शुरुआती 2 टेस्ट में नहीं खेले। उनकी गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में मेजबान टीम ने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की थी।

### उस्मान ख्वाजा को भी मिली जगह

उस्मान ख्वाजा ने भी टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। वह पर्थ में खास प्रदर्शन नहीं कर सके और पीठ की चोट की वजह से गाबा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ब्रिस्बेन में नेट्स पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, ख्वाजा फिट और उपलब्ध होने चाहिए। ऐसा माना जाता है कि वह सिर्फ ओपनिंग ही कर सकते हैं। हालांकि, वह किसी भी नंबर पर खेल सकते हैं।

**ऐसी है ऑस्ट्रेलिया की टीम**

तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम: पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, और ब्यू वेबस्टर।

### अंडर 19 वर्ल्ड कप क्रिकेट में भारत-पाक की ग्रुप स्टेज में नहीं होगी टक्कर

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंडर-19 पुरुष विश्व कप 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट जनवरी और फरवरी में नामीबिया और जिम्बाब्वे में आयोजित होगा। ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान की टीमें अलग-अलग ग्रुप में रखी गई हैं। इसलिए ग्रुप चरण में दोनों टीमों के बीच कोई मुकाबला नहीं होगा। सुपर सिक्स और नॉकआउट चरण में भारत और पाकिस्तान की टक्कर संभव है। यह टूर्नामेंट युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। दोनों देशों के युवा खिलाड़ी इस मौके का इंतजार कर रहे हैं।

# मैनचेस्टर सिटी से हारा रियाल मैड्रिड आर्सेनल जीता, पीएसजी ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके कोच ज़ाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। बता दें कि केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।



### रियाल मैड्रिड ने जीते हैं सिर्फ दो मैच

रियाल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियाल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी।

## आईओसी लॉस एंजिलिस ओलंपिक हॉकी टूर्नामेंट की क्वालीफिकेशन प्रणाली को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 लॉस एंजिलिस खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की हॉकी प्रतियोगिताओं की क्वालीफिकेशन प्रणाली को स्वीकृति दे दी। खेल की वैश्विक संचालन संस्था एफआईएच ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। जैसा कि बीजिंग 2008 ओलंपिक के बाद से होता आया है। दोनों वर्ग में 12 टीम हिस्सा लेंगी। इसमे मेजबान देश अमेरिका भी शामिल है। प्रत्येक वर्ग में बाकी 11 टीम एफआईएच प्रो लीग, पांच महाद्वीपीय चैंपियनशिप और ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए क्वालीफाई करेंगी। एफआईएच ने कहा, ''एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र 2025-26 और 2026-27 में शीर्ष पर रहने वाली टीम क्वालीफाई करेगी। अगर वही टीम जो 2025-26 सत्र जीतती है, वह 2026-27 सत्र भी जीतती है तो 2026-27 सत्र की उप विजेता टीम क्वालीफाई करेगी।'' इसके अलावा पांच महाद्वीपीय चैंपियनशिप में से प्रत्येक में शीर्ष पर रहने वाली जिसने पहले से ही मेजबान के तौर पर या एफआईएच प्रो लीग के जरिए क्वालीफाई नहीं किया है, उसे जगह मिलेगी। एफआईएच ने कहा, ''अगर एफआईएच हॉकी प्रो लीग के जरिए क्वालीफाई करने वाला देश अपनी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में शीर्ष पर रहता है तो ऐसी महाद्वीपीय चैंपियनशिप की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम क्वालीफाई करेगी।''

## रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया का रहा शानदार सफर

# इस साल भारतीय टीम का रहा दमदार प्रदर्शन, जीती चैंपियंस ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए वनडे क्रिकेट में यह साल शानदार बीता। रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसके बाद रोहित की जगह शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज पर भी कब्जा जमाया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत को सीरीज गंवानी पड़ी। इस बीच 2025 में भारतीय टीम के प्रदर्शन और प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।



### भारत ने इस साल जीते कुल 11 वनडे

भारत ने इस साल कुल 14 वनडे मैच खेले, जिसमें से 11 में जीत दर्ज की और 3 में शिकस्त का सामना किया। भारत ने फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ घर पर वनडे सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसके बाद दुबई में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी को जीता। अक्टूबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज में 1-2 से हार झेली। नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से सीरीज में हराया।

### चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय रहते हुए जीती

भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर सकारात्मक शुरुआत की थी। अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 44 रन से हराया था। इस ग्रुप से भारत ने शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से और फाइनल में न्यूजीलैंड को शिकस्त दी थी। विराट कोहली ने इस साल वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 13 मैचों में 65.10 की औसत और 96.15 की स्ट्राइक रेट से 651 रन बनाए। उन्होंने इस साल 7 स्कोर 50+ रन के किए, जिनमें 3 शतक शामिल रहे। रोहित ने 14 वनडे में 50 की औसत और 100.46 की स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।




डव ने कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके

### डेमोक्रेट सांसद ने राष्ट्रपति ट्रंप को लताड़ा

# विदेश नीति फेल, यूएस की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही, सुधर जाएं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने संसद में पीएम मोदी और पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई। डव ने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रंप की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। बता दें, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर पीएम मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। ये टिप्पणियां हाउस फॉरेन अफेयर्स सबकमेटी ऑन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था- 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीः एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'।

### दबाव डालकर साझेदारी करने की नीति उल्टे गले पड़ी

साझेदारों को युद्ध में ढकेलकर कैसे मिलेगा नोबल प्राइज



संसद में सांसद बिल हुइजेंगा और सिडनी कैमलेगर डव

## ट्रंप नोबेल प्राइज के हकदार नहीं

सांसद डव ने ट्रंप के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रंप खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता।

### नुकसान को जल्द ठीक करें

डव ने कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है।

### अमेरिका-भारत साझेदारी बेहद अहम

*ट्रंप की पार्टी के सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और उसका संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रंप प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।*

*लीजिए, ट्रंप गोल्ड कार्ड लागू हो गया*




## 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.8 करोड़ रुपए) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डॉलर देना होगा। ट्रंप का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है।

## *मेक्सिको भी भारत पर 50% टैरिफ लगाएगा, 2026 से लागू होगा*

*अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50% तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है।*

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: लूथरा ब्रदर्स के बिजनेस नेटवर्क का खुलासा

# एक ही पते पर 42 कंपनियां, कॉर्पोरेट दावों की विश्वसनीयता पर उठे सवाल

फुकेट में हिरासत में लिए गए लूथरा ब्रदर्स

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार दर्जनों कंपनियों में एक ही पते का बार-बार इस्तेमाल होना फाइनेंशियल जांच में एक जाना-माना रेड-फ्लैग इंडिकेटर है। जिसका मतलब शेल एंटिटी, गुमनाम फंड रूटिंग और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा होता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा अग्निकांड के आरोपी और नाइट क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड्स की जांच में दिल्ली के रेस्टोरेंट मालिक सौरभ और गौरव लूथरा से जुड़ी 42 कंपनियों का नाम सामने आया है। ये दोनों भाई 6 दिसंबर को गोवा के नाइटक्लब में लगी आग की घटना में जांच के केंद्र में हैं।

इन खुलासों से भाइयों के बिजनेस ऑपरेशन के पैमाने, स्ट्रक्चर, फाइनेंशियल तरीकों और कॉर्पोरेट दावों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं, जिसमें उनकी ग्लोबल मौजूदगी का दावा भी शामिल है। कॉर्पोरेट फाइलिंग से पता चलता है कि लूथरा भाई 42 अलग-अलग कंपनियों में डायरेक्टर या पार्टनर हैं, जिनमें प्राइवेट लिमिटेड फर्म और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) शामिल हैं। जांच में पाया गया कि ज्यादातर कंपनियां एक ही पते पर रजिस्टर्ड है। जो कि 2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली है।

### ◆ *सभी का पता 2590, ग्राउंड फ्लोर, हडसन लाइन, नॉर्थ वेस्ट*


थाइलैंड के फुकेट में हिरासत में सौरभ और गौरव लूथरा

### एक ही पता रेड फ्लैग इंडिकेटर

वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार दर्जनों कंपनियों में एक ही पते का बार-बार इस्तेमाल होना फाइनेंशियल जांच में एक जाना-माना रेड-फ्लैग इंडिकेटर है। जिसका मतलब शेल एंटिटी, गुमनाम फंड रूटिंग और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा होता है। रोमियो लेन ग्रुप के कई मार्केटिंग कैंपेन में थाईलैंड के फुकेट में इंटरनेशनल मौजूदगी का दावा किया गया है। हालांकि, जांच में कोई ऑपरेशनल आउटलेट, कस्टमर रिव्यू या कोई वेरिफाइड बिजनेस पता नहीं मिला है।

### भारत वापस लाया जाएगा

गुरुवार को थाई अधिकारियों ने इंटरपोल नोटिस जारी होने के बाद भारत के अनुरोध पर फुकेट में सौरभ और गौरव लूथरा को हिरासत में ले लिया। स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी तस्वीरों में दोनों भाई थाई अधिकारियों के बगल में खड़े दिख रहे हैं। दोनों के हाथ बंधे हुए हैं और दोनों के पास उनके भारतीय पासपोर्ट हैं। थाई अधिकारियों से फाइनल मंजूरी मिलने के बाद, उम्मीद है कि दोनों भाइयों को 24 घंटे के अंदर भारत वापस लाया जाएगा।

### अदालत ने खारिज की अग्रिम जमानत

गोवा के नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में लगी आग में 25 लोगों की मौत के मामले में फरार रहने के बाद थाईलैंड से पकड़े गए कारोबारी सौरभ और गौरव लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में खारिज कर दी गई। इससे पहले उनके वकील वरिष्ठ अधिवक्ता तनवीर अहमद मीर ने कहा कि लूथरा ब्रदर्स कोई 5000 करोड़ की धोखाधड़ी कर देश छोड़कर भागने वाले लोग नहीं हैं, बल्कि बड़े व्यवसायी हैं।

### 8 दिन में तैयार होगी रिपोर्टः सीएम सावंत

गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने कहा कि इस त्रासदी की जांच रिपोर्ट 8 दिन के भीतर तैयार हो जाएगी। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देना शुरू कर दिया है और सभी मनोरंजन स्थलों में सुरक्षा ऑडिट सख्त कर दिया है। आग लगने की घटना के तुरंत बाद से गृह विभाग, दमकल विभाग और प्रशासन सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। हम हरसंभव अधिक से अधिक जानें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। भर्ती कराए गए 6 लोगों का इलाज जारी है।

### व्यापार की खबरें

## तीन दिनों बाद उबरा शेयर बाजार सेंसेक्स में 427 अंकों की तेजी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी गिरावट बृहस्पतिवार को थम गई और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। वाहन एवं धातु शेयरों में लिवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती से सेंसेक्स 427 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 140 अंक की तेजी आई।



अपने शुरुआती निचले स्तर से उबरते हुए बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक चढ़कर 84,818.13 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,906.93 के ऊपरी और 84,150.19 के निचले स्तर तक गया। निफ्टी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,898.55 पर बंद हुआ। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद, निफ्टी में धीरे-धीरे तेजी आई और एक समय यह 25,922.80 के ऊपरी स्तर तक पहुंच गया था।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत में एआई परिवेश को लेकर प्रतिबद्ध, बुनियादी ढांचे में कर रही निवेश : नडेला

**बेंगलुरु।** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश को लेकर प्रतिबद्ध है और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है।



नडेला ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट, 'क्लाउड' क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के साथ एआई-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने चार प्रमुख आईटी कंपनियों कॉग्निजेंट, इन्फोसिस, टीसीएस और विप्रो के साथ रणनीतिक साझेदारी की भी घोषणा की। ये कंपनियां 'एजेंटिक' एआई को अपनाने में तेजी लाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर काम करेंगी।

## दितवाह से तबाह हुए ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क को सेना ने किया बहाल

**कोलंबो।** श्रीलंका में तूफान दितवाह की वजह से हुई तबाही के बाद से भारत ऑपरेशन बंधु के तहत लगातार मदद में जुटा है। भारतीय सेना खराब हुए पुलों को ठीक करने, संपर्क बहाल करने और जमीनी मेडिकल मदद को मजबूत करने का काम तेजी से कर रही है। इसी क्रम में श्रीलंका में संचार सुविधा बहाल हो गई है। भारतीय सेना, श्रीलंकाई सेना और स्थानीय सिविल अधिकारियों के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मदद और राहत पहुंचाने का काम कर रही है। एडजीपीआई शत्रुजीत ब्रिगेड इंटीग्रेटेड टास्क फोर्स ने कैंडी के पास महियांगनया में तूफान से खराब हुए ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) को तेजी से ठीक किया, इलाकों में जरूरी कनेक्टिविटी सफलतापूर्वक बहाल हो गई। यह भारत के पहले जवाब देने वाले के तौर पर कमिटमेंट को दिखाता है। , जो सबसे ज्यादा जरूरत पड़ने पर मजबूत और भरोसेमंद कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बहाल करता है। वहीं इस पोस्ट को रिशेयर करते हुए विदेश मंत्रालय ने लिखा कि 'जरूरी कनेक्टिविटी बहाल करना, उम्मीद जगाना।' कोलंबो में भारतीय हाई कमीशन ने एक बयान में कहा कि यह सबसे पहले मदद करने वाले के तौर पर भारत के कमिटमेंट को दिखाता है; जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वह मजबूत और भरोसेमंद कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बहाल करता है।

### ट्रंप को नया प्रस्ताव भेजेंगे जेलेंस्की

## किसी भी क्षेत्र को छोड़ने से इंकार 30 देशों संग की आवश्यक बैठक


डोनाल्ड ट्रंप व जेलेंस्की

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस के साथ समझौते के लिए बढ़ते अमेरिकी दबाव के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने किसी भी क्षेत्र को छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। यूक्रेन के लिए यूरोपीय समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे जेलेंस्की ने गुरुवार को कहा है कि यूक्रेन यह लड़ाई इसीलिए लड़ रहा है कि क्योंकि वह अपनी कोई भी रूस को नहीं देना चाहता। जेलेंस्की ने 30 देशों के नेताओं और अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की जिसमें जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस सहित यूक्रेन के कई सहयोगियों के शामिल हुए। कई देशों ने बैठक में वीडियो लिंक के जरिए हिस्सा लिया। बैठक को 'कोएलिशन ऑफ द विलिंग' का नाम दिया गया है। जेलेंस्की ने संकेत दिए हैं कि यह बातचीत जल्दबाजी में आयोजित की गई थी क्योंकि ट्रंप का दबाव बढ़ता ही जा रहा है।

## दिवाली के सांस्कृतिक धरोहर होने पर जश्न


केन्या के राम मंदिर में उत्सव

***नैरोबी।*** *यूनेस्को ने दीपों के त्योहार दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया है। इस मौके पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने केन्या की राजधानी नैरोबी के ऐतिहासिक श्री राम मंदिर में आयोजित समारोह में भाग लिया। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि दीपावली को यूनेस्को द्वारा एक अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दिए जाने के मौके पर ऐतिहासिक श्री राम मंदिर में समारोह में भाग लेकर धन्य महसूस कर रहा हूं। केन्या में 1919 में बना प्रभु श्री राम का मंदिर, भारत के सांस्कृतिक गौरव और हमारे दोनों देशों के बीच साझा ऐतिहासिक संबंधों का सबूत है। यह भारतीय सांस्कृतिक विरासत के लिए गर्व का पल है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25